विश्वकर्मा फर्नीचर
मो. 98261-32636,90987-54366,98274-96911
सोफा, टीवीकार्ट, कुर्सी, पलंग, डिनिंग टेबल, ड्रायलिंग टेबल सहित सभी प्रकार के फर्नीचरों के निर्माता एवं विक्रेता
सहारा बिल्डर, टेरेसी कॉलोनी के पास, पावर हाउस रोड, कोरबा
सही दाम गिफ्टआर्टिकल का प्रतीक

# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 75 | कोरबा, शनिवार , दिनांक 16 दिसम्बर 2024 डाक 17 दिसम्बर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
देवेंद्र फडणवीस का नागपुर पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया

**देश-विदेश**
जाकिर हुसैन का 73 साल की उम्र में निधन

**फीचर पेज**
सर्दियों में त्वचा पर होने वाली खुजली को शांत कर सकते हैं ये 5 घरेलू नुस्खे

## केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने जगदलपुर में अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

- अमित शाह को तीर-कमान भेंट
- शहीद जवानों के परिजनों से संवाद

**रायपुर, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने जगदलपुर में अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। खबर है कि अमित शाह हिड़मा के गांव पूवर्ती या बस्तर के किसी नक्सल प्रभावित इलाके में सुरक्षाबल के कैंप भी जा सकते हैं। इसके बाद शाह रायपुर में वामपंथी उग्रवाद पर बैठक लेंगे। इससे पहले वे कल बस्तर ओलिंपिक के समापन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि, नक्सलवाद खत्म होने पर यहां कश्मीर से ज्यादा पर्यटक आएंगे। 31 मार्च 2026 के बाद लोग कहेंगे बस्तर बदल गया है। गलत रास्ते पर गए लोग सरेंडर करें, हिंसा करेंगे तो हमारे जवान आपसे निपटेंगे। बस्तर में जब भी नक्सल का जिक्र होता है तो नक्सली लीडर माड़वी हिड़मा का नाम भी आता है। पुलिस की वांटेड लिस्ट में भी सबसे पहले हिड़मा

का ही नाम है। हिड़मा सुकमा जिले के अति संवेदनशील पूवर्ती गांव का रहने वाला है। वर्तमान में ये नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी का मेंबर है। इस पर 1 करोड़ रुपए से ज्यादा का इनाम घोषित है। सीएम विष्णुदेव साय ने आज जगदलपुर के सर्किट हाउस में माननीय केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह को स्मृति चिन्ह के रूप में तीर-कमान और उनकी तस्वीर भेंट कर सहृदय अभिनंदन किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी उपस्थित रहे। शहीद जवानों के परिजनों व नक्सली हिंसा के शिकार लोगों के परिवारजनों से संवाद किया।

## राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी समेत दिग्गज नेताओं ने विजय दिवस पर सैनिकों को दी श्रद्धांजलि

**नईदिल्ली, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, समेत तमाम नेताओं ने विजय दिवस के अवसर पर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, विजय दिवस पर मैं अपने बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं जिन्होंने 1971 के युद्ध के दौरान अदम्य साहस का प्रदर्शन करते हुए भारत को जीत दिलाई। कृतज्ञ राष्ट्र हमारे बहादुरों के सर्वोच्च बलिदान को याद करता है जिनकी कहानियां हर भारतीय को प्रेरित करती हैं और राष्ट्रीय गौरव का स्रोत बनी रहेंगी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने एक्स पोस्ट पर लिखा, विजय दिवस पर हम 1971 के युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हैं और अपने सशस्त्र बलों की वीरता का सम्मान करते हैं। उनकी वीरतापूर्ण वीरता और निस्वार्थ बलिदान, जिसके कारण ऐतिहासिक विजय प्राप्त हुई, हर भारतीय को प्रेरित करती रहती है। हम राष्ट्र के प्रति उनकी सेवा के प्रति सदैव ऋणी रहेंगे। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आज विजय दिवस पर हम उन बहादुर सैनिकों के साहस और बलिदान का सम्मान करते हैं, जिन्होंने 1971 में भारत की ऐतिहासिक जीत में योगदान दिया था। उनके निस्वार्थ समर्पण और अटूट संकल्प ने हमारे राष्ट्र की रक्षा की और हमें गौरव दिलाया। यह दिन उनकी असाधारण वीरता और उनकी अटल भावना को श्रद्धांजलि है। उनका बलिदान पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करेगा और हमारे देश के इतिहास में गहराई से अंकित रहेगा। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक्स पोस्ट पर लिखा, आज विजय दिवस के खास मौके पर देश भारत के सशस्त्र बलों की बहादुरी और बलिदान को सलाम करता है। उनके अटूट साहस और देशभक्ति ने सुनिश्चित किया कि हमारा देश सुरक्षित रहे। भारत उनके बलिदान और सेवा को कभी नहीं भूलेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पोस्ट पर लिखा, सभी को 'विजय दिवस' की शुभकामनाएं। 'विजय दिवस' सेना के वीर जवानों के साहस, अटूट समर्पण और पराक्रम की पराकाष्ठा का प्रतीक है।

## विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में हुई कार्य मंत्रणा समिति की बैठक

**रायपुर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की अध्यक्षता में आज छत्तीसगढ़ विधानसभा के समिति

कक्ष में कार्य मंत्रणा समिति की बैठक आयोजित की गई। विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो गया है। सत्र की शुरुआत दिवंगतों को श्रद्धांजलि के उल्लेख के साथ हुई। स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल जी व्यास और अविभाजित मध्य प्रदेश के पूर्व सदस्य नंदा राम सोरी के निधन का उल्लेख किया। दिवंगतों के सम्मान में सदन ने दो मिनट का मौन रखा और उसके बाद कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित कर दी गई। स्पीकर ने इन दोनों पूर्व राज्यसभा और विधानसभा सदस्यों के निधन का उल्लेख किया। सदन की ओर से सीएम की अनुपस्थिति में डिप्टी सीएम अरुण साव ने श्रद्धांजलि दी। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भी दोनों दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी। सोरी बस्तर में नक्सलवाद के खिलाफ चलाए गए सलवा जुडूम का हिस्सा थे।

## हिंदुओं पर अत्याचार नहीं रुका तो बांग्लादेश कूच करेंगे नागा, अटल अखाड़ा के महंत ने दी चेतावनी

**हरिद्वार।** बांग्लादेश में हो रहे अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों को लेकर श्री बाणेश्वर धाम के परमाध्यक्ष व अटल अखाड़ा के महंत मधुसूदन गिरी महाराज ने नागा संन्यासियों के कूच करने की चेतावनी दी है। इस मामले को लेकर नमामि गंगे घाट पर 51 ब्राह्मणों के साथ मां गंगा की पूजा अर्चना की गई। महंत मधुसूदन गिरी महाराज ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार तत्काल रोका जाये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह बांग्लादेश सरकार के खिलाफ सख्त कदम उठाए। उन्होंने कहा कि हिंदुओं पर अत्याचार नहीं रुके तो एक लाख नागा संन्यासी बांग्लादेश कूच करने का आह्वान भी किया। उन्होंने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ मेले में भी संत महापुरुषों के बीच बांग्लादेश के मुद्दे को प्रमुखता से रखा जाएगा। मंहत मधुसूदन गिरी ने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर रहे है अत्याचार को केंद्र सरकार विश्व पटल पर रखे। भगवान शिव व मां गंगा उन्हें सद्बुद्धि प्रदान करें।

## सुरक्षाबलों ने सीमा पार से तस्करी की कोशिश को किया नाकाम, एलओसी के पास 5.5 किलो हेरोइन के साथ दो गिरफ्तार

**राजौरी, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सोमवार को नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास दो संदिग्ध मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से 5.50 किलोग्राम हेरोइन जब्त की गई। अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि नौशेरा सेक्टर से भारी मात्रा में हेरोइन की जब्ती, जिसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करोड़ों रुपये है, ने ड्रग तस्करों द्वारा सीमा पार से हेरोइन की तस्करी के प्रयास को विफल कर दिया। आरोपियों की

पहचान साजन कुमार (25) और सुभाष चंदर (36) के रूप में हुई।

इन्हें कल देर रात शेर और कानेटी के आगे के गांवों में सेना और पुलिस द्वारा चलाए गए एक संयुक्त अभियान के दौरान गिरफ्तार किया गया। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने शनिवार को जम्मू के अरनिया सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक पाकिस्तानी ड्रोन और लगभग आधा किलोग्राम उच्च श्रेणी के नशीले पदार्थ बरामद किए थे।

## बालोद में भीषण सड़क हादसा, ट्रक ने एसयूवी कार को मारी टक्कर, 6 लोगों की मौत

**बालोद, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

छत्तीसगढ़ के बालोद जिले से भीषण सड़क हादसे की खबर है। एक ट्रक ने विपरीत दिशा से आ रही एसयूवी को टक्कर मार दी, जिससे 6 लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने इस घटना की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना रविवार देर रात डौंडी थाना क्षेत्र में हुई जब जिले के गुंडादेही इलाके के निवासी एक पारिवारिक समारोह से लौट रहे थे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, वाहन की ट्रक से आमने-सामने टक्कर हो गई। एसयूवी में सवार 13 लोगों में से छह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान दुरपत प्रजापति जिनकी उम्र 30 साल, सुमित्रा बाई कुंभकार (50), मनीषा कुंभकार (35), सगुन बाई कुंभकार (50) इमला बाई (55) और नाबालिग लड़के जिग्नेश कुंभकार (7) के रूप में की गई है। अधिकारी ने बताया कि पांच महिलाओं और एक बच्चे समेत सात घायल लोगों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें आगे की दवा के लिए राजनांदगांव जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उन्होंने बताया कि दुर्घटनावश मौत की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और आगे की जांच जारी है।

## मचा हड़कंप फैक्ट्री में अमोनिया गैस के रिसाव से, 5 महिलाएं बेहोश

**अलीगढ़, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में एक स्लॉटर हाउस में अमोनिया गैस का रिसाव होने से 5 महिलाएं बेहोश हो गई हैं. सूचना मिलने के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम पहुंच गई है, बेहोश हुई महिलाओं को स्लॉटर हाउस से बाहर निकाल लिया गया है। पुलिस के मुताबिक घटना अलीगढ़ के रोरावर थाना इलाके की है। यहां फेयर एक्सपोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नाम से एक स्लॉटर हाउस है, जिसमें रविवार रात अमोनिया गैस का रिसाव हो गया था। रिसाव के बाद स्लॉटर हाउस की पैकिंग यूनिट में काम कर रहीं महिलाओं को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। महिलाओं ने आंखों में जलन की

शिकायत भी की। इस दौरान 5 महिलाएं बेहोश हो गईं। आनन-फानन में महिलाओं को स्थानीय हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

स्लॉटर हॉउस में अमोनिया गैस के रिसाव की सूचना मिलते ही नगर मजिस्ट्रेट और पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है। मौके पर फायर ब्रिगेड के कर्मी भी रिसाव को ठीक करने के लिए स्लॉटर हॉउस के अंदर ही मौजूद हैं। फिलहाल किसी हताहत होने की खबर नहीं है. पुलिस और प्रशासन की टीम फिलहाल यह जानने की कोशिश कर रही है कि स्लॉटर हाउस में अमोनिया गैस का रिसाव कैसे हुआ। फायर ब्रिगेड की टीम भी जांच के लिए फिलहाल स्लॉटर हाउस के अंदर ही मौजूद है।

## फडणवीस की टीम के कई मंत्रियों पर चल रही ईडी की जांच, लगे हैं भ्रष्टाचार के आरोप

**मुंबई, 16 दिसम्बर एजेंसी।**

महाराष्ट्र में कैबिनेट विस्तार हो गया है। कई दिनों की माथापच्ची के बाद मंत्रियों के नामों पर मुहर लगी और जल्द ही उन्हें विभागों का आवंटन होगा। हालांकि, फडणवीस की टीम के नवनियुक्त मंत्रियों में कई ऐसे नाम भी शामिल हैं, जिनपर भ्रष्टाचार के आरोप में ईडी जांच कर रही है। कल हुए मंत्रिमंडल विस्तार में भाजपा के 19, शिवसेना के 11 और एनसीपी के 9 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। इनमें से तीन नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप है। जांच के घेरे में फंसे इन मंत्रियों में प्रताप सरनाईक, हसन मुश्रिफ और धननंजय मुंडे का नाम शामिल है। किसी भी नेता के नाम क्लोजर रिपोर्ट अदालत में जमा नहीं की गई, जिसका मतलब उनपर जांच जारी है। उधर, भाजपा के एक मंत्री गिरीश महाजन को सीबीआई से क्लियरेंस मिल गया है। अब वो आरोप मुक्त हो चुके हैं। एमवीए सरकार के दौरान गिरीश के खिलाफ जबरन वसूली करने और अपहरण जैसे आरोप लगे थे। उन्होंने सीबीआई जांच की मांग की थी, जिसके बाद रिंदे ने जांच सीबीआई को सौंप दी थी। मंत्री मुश्रिफ के कई ठिकानों पर ईडी ने छापामार कार्रवाई कर चुकी है। धननंजय मुंडे पर भी एक 17 एकड़ के प्लॉट की गड़बड़ी से संबंधित जांच चल रही है। सरनाईक के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग की जांच चल रही है।

### राजनांदगांव-गढ़चिरौली बॉर्डर पर नक्सल डंप मिला

**राजनांदगांव।** गढ़चिरौली पुलिस की टीम ने जंगल में डंप नक्सल सामान जब्त किया है। इसमें विस्फोटक और आईईडी भी शामिल है। जिसे मौके पर ही नष्ट किया गया है। गढ़चिरौली पुलिस ने बताया कि गोपनीय सूचना के आधार पर टीम पोमकेन मारापल्ली इलाके में सर्चिंग के लिए निकली थी। तभी फोर्स को करंचा गांव के जंगल में नक्सलियों के डंप होने की जानकारी मिली। इसके बाद टीम ने मौके पर छिपाए गए सामानों को जब्त किया। जिसमें केटल आईईडी, दो क्लिंगोग्राम विस्फोटक, तार बंडल सहित डेटोनेटर शामिल है। फोर्स के साथ मौके पर मौजूद बीडीएस की टीम ने आईईडी को मौके पर ही नष्ट किया।

## पंडित नेहरू के जो पत्र सोनिया गांधी ने लिए थे, उन्हें वापस करें, पीएम मेमोरियल ने राहुल को लिखी चिट्ठी

**नईदिल्ली, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री संग्रहालय और लाइब्रेरी ने मांग की है कि देश के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के निजी पत्र, जो सोनिया गांधी ने लिए थे, उन्हें वापस किया जाए। संग्रहालय ने इसे लेकर राहुल गांधी को चिट्ठी लिखी है। ये पत्र साल 2008 में यूपीए सरकार के कार्यकाल में सोनिया गांधी ने मंगवाए थे। प्रधानमंत्री संग्रहालय के सदस्य रिजवान कादरी की तरफ से

राहुल गांधी को 10 दिसंबर को यह पत्र लिखा गया।

इस पत्र में कादरी ने राहुल गांधी से अपील की कि वे सोनिया गांधी को दिए गए पत्रों, फोटो प्रति और डिजिटल प्रति को वापस करें। इससे पहले संग्रहालय द्वारा सितंबर में भी सोनिया गांधी को भी पत्र लिखा गया था। पंडित नेहरू के ये निजी पत्र बेहद ऐतिहासिक माने जाते हैं। पहले ये पत्र जवाहरलाल नेहरू मेमोरियल के पास थे, जिन्हें साल 1971 में नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी को दिए गए। अब इसी नेहरू मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी को प्रधानमंत्री मेमोरियल म्यूजियम एंड लाइब्रेरी के रूप में जाना जाता है। जिन पत्रों की मांग की गई है, उनमें पंडित नेहरू और एडविना माउंटबेटन, अल्बर्ट आइंस्टीन, जयप्रकाश नारायण, पद्मजा नायडू, विजय लक्ष्मी पंडित, अरुणा आसफ अली, बाबू जगजीवन राम और गोविंद वल्लभ पंत आदि महान विभूतियों के बीच हुई बातचीत पर आधारित हैं।

# एसईसीएल की खदान का विस्तार जल्द , अर्जित क्षेत्र से काटी बिजली

## ठंड के मौसम में लोगों को कई प्रकार की मुश्किलों का करनाा पड़ रहा सामना

**गेवरा कोरबा।** साउथ ईस्ट कोलफील्ड लिमिटेड एसईसीएल गेवरा परियोजना के द्वारा ग्राम पंचायत अमगांव को तीन पाठ में अर्जन किया गया था अर्जन करने के बाद एसईसीएल गेवरा ने खदान की खनन व विस्तार कार्य को एसईसीएल दीपका को सौंप दिया खनन व विस्तार कार्य को दीपका प्रबंधन के द्वारा अंतिम रूप देने के लिए हर हद की सीमा को पार करते हुए लांघते चले गए अंतिम पाठ का हिस्सा जोकाही डाबरी दर्राखांचा अमगांव के रह रहे प्रभावित ग्रामीण को कलेक्टर एसडीएम का भय व डाराकर जबरन के प्रबंधन के कर्मचारी अनिल पाटले ने ग्रामीणों के घर में लगे बिजली लाइन को काट दिया गया और गुंडागर्दी करते हुए मकान खाली करने के लिए दबाव प्रभावित ग्रामीणों के ऊपर बनाया जा रहा है । ग्राम पंचायत अमगांव के जोकाही डबरी दर्राखांचा और अमगांव के मेन पुरानी बस्ती के लगभग कुल 70 मूल खातेदारों के परिवारों की रोजगार का प्रकरण अभी भी लंबित है जिसका निराकरण के लिए एसईसीएल और शासन प्रशासन से ग्रामीण लगातार गुहार लगा रहे हैं पूरी व्यवस्थाओं व समस्याओं का निराकरण के नाम से एसईसीएल प्रबंधन को कोई चिंता व फिक्र नहीं है सिर्फ उन्हें खदान विस्तार व खनन कार्य को ज्यादा अहमियत दे रही है इसके लिए प्रबंधन के द्वारा कुछ किसानों के ऊपर पुलिस थाने में मामला दर्ज कराकर तरह-तरह के हथकंडे प्रभावित ग्रामीणों के घर मकान को खाली करने का नए-नए प्रयोग कर रहे हैं सीधे-साधे ग्रामीण अपने अधिकार व मूल पूरी व्यवस्था को पाने के लिए कई मर्तबा विवश होकर खदान और हैवी ब्लास्टिंग को ग्रामीणों के द्वारा बंद कराया गया है जिसका निराकरण प्रबंधन के द्वारा आज पर्यंत तक नहीं किया गया है इन ग्रामीणों को एसईसीएल प्रबंधन के कर्मचारी अनिल पाटले और कुछ अन्य लोगों के द्वारा कलेक्टर एसडीएम के नाम पर डाराकर प्रभावित ग्रामीणों के घर मकान से खाली कराया जा रहा है ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त छत्तीसगढ़ के कोरबा जिला आदिवासी, दलित समुदाय का बहुमूल्य गढ़ माना जाता है यहां के लोग देव पूजा के लिए अपनी देवता धामी को विधि विधान से पूजा अर्चना करते हैं साथ ही दलित समुदाय के लोग भी अपने जैतखाम विधिवत पूजा अर्चना कर मनाते हैं लेकिन एसईसीएल प्रबंधन के कर्मचारी अनिल पाटले और कुछ उनके अन्य साथियों के द्वारा ग्रामीणों के घर मकान पर स्थापित देवधामी जैतखाम को नुकसान पहुंचा कर अपमानित किया जा रहा है एसईसीएल से प्रभावित समुदाय के लोगों का कहना है कि जिस तरह से प्रबंधन की कार्य शैली है इससे ग्रामीण और समुदाय में काफी नाराजगी व भारी आक्रोश है पहले रोजगार मुआवजे बसाहट और पुर्नवास की पूरी व्यवस्थाओं के साथ प्रबंधन को पहले निराकरण कर लेना चाहिए था उसके बाद ही खदान को विस्तार किया जाना चाहिए तथा 2013 छत्तीसगढ़ पुनर्वास नीति के तहत पहले पूरी व्यवस्थाओं के साथ अर्जन ग्राम का निराकरण का कानून में प्रावधान है लेकिन एसईसीएल प्रबंधन इस नियम के जस्ट उल्टा काम कर रही है और कानूनों का खुला उल्लंघन लगातार करते आ रही है ।

अमगांव पंचायत के दर्राखांचा के ग्रामीणों के बिजली को एसईसीएल प्रबंधन के इशारे पर कर्मचारी अनिल पाटले और कुछ उनके अन्य साथी ने घर में लगे बिजली को काट दिया गया ग्रामीणों ने मना भी किया लेकिन प्रबंधन के कर्मचारी अनिल पाटले ने नहीं माना और ग्रामीण के घर में लगे बिजली को काट दिया गया यह घटना दिनांक 13 दिसंबर शुक्रवार की है ग्रामीणों का कहना है कि लाइन काटना लाइन जोड़ना बिजली विभाग के अधिकार क्षेत्र में आता है एसईसीएल प्रबंधन के कर्मचारी अनिल पाटले आपका कोई अधिकार नहीं है हमारे घर में लगे लाइन को काटने का ऐसे कहते हुए ग्रामीणों ने मना भी किया लेकिन अनिल पाटले नहीं माना और काट दिया ग्रामीणों ने आगे कहा रात के अंधेरे में विवश होकर मोहल्ले के पारा में रात गुजारना पड़ रहा है जबकि जमुना बाई पति जोहन का रोजगार का प्रकरण लंबित है निराकरण के लिए एसईसीएल प्रबंधन से लेकर राजस्व विभाग के अधिकारी तक गुहार लग चुकी है लेकिन अब तक प्रबंधन के द्वारा कोई निराकरण आज पर्यंत तक नहीं कर पाया है जमुना बाई के घर के नजदीक एसईसीएल प्रबंधन खदान को लाकर टिका दिया है रात को मोहल्ले के पारा में सोने चले जाते हैं दिन को अपने घर पर रहते हैं हैवी ब्लास्टिंग के कारण एसईसीएल प्रबंधन मकान खाली करने के लिए मजबूर और अपने कर्मचारियों से दबाव बनाया जा रहा है द्य दरअसल एसईसीएल गेवरा ने ग्राम पंचायत अमगांव का अधिग्रहण कर दीपका को सौंपकर खनन व विस्तार कार्य को आगे बढ़ा रही है मुआवजे रोजगार बसाहट और पुनर्वास की समस्याओं का निराकरण करने के लिए जिला प्रशासन से अनेक बार पत्राचार ग्रामीणों द्वारा किया जा चुका है और आंदोलन भी किए हैं समस्याओं का निराकरण अब तक नहीं हुआ है दिन प्रतिदिन प्रबंधन अपना आपा खो दिया है और ग्रामीणों के ऊपर तरह-तरह के अत्याचार शोषण कर रही है सिर्फ दर्राखांचा जोकही डबरी अमगांव के ग्रामीणों को घर मकान से खाली करने के लिए पुलिस प्रशासनिक अधिकारी और कोर्ट से लीगल नोटिस जैसे घटनाओं को एसईसीएल दीपका प्रबंधन के द्वारा किया जा रहा है ग्रामीणों ने कहा कि इन सब विषयों को लेकर मुख्यमंत्री सहित उच्च अधिकारियों छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव विजिलेंस डीजीएमएस आयोग कलेक्टर पुलिस अधीक्षक के पास मामले की शिकायत किया जाएगा ।

## चार दिवसीय वार्षिक स्पोर्टस प्रतियोगिता का हुआ भव्य शुभारंभ

कोरबा । कोरबा अंचल के दर्री रोड में संचालित श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल में चार दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट का आयोजन किया जा रहा है जिसका भव्य शुभारंभ किया गया। अग्रसेन पब्लिक स्कूल में चार दिवसीय वार्षिक स्पोर्ट कार्यक्रम का शुभारंभ में सर्वप्रथम माता सरस्वती व महाराजा अग्रसेन की पूजा-अर्चना व दीप प्रज्जलित कर किया गया। इस अवसर पर आयोजित मंचीय कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष रामसिंह अग्रवाल, महावीर प्रसाद अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, अग्रवाल सभा के वर्तमान अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, सचिव गोपाल अग्रवाल, श्री अग्रसेन शिक्षण समिति विद्यालय के अध्यक्ष सीए अखिलेश अग्रवाल, सचिव सीए त्रिलोकी बजाज, अग्रवाल महिला मंडल कि पूर्व अध्यक्षा श्रीमति अनिता सिंघल संजय अग्रवाल, मनीष अग्रवाल अनिल अग्रवाल, विद्यालय कि प्राचार्य श्रीमति शोमा सोनी आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष रामसिंह अग्रवाल ने कहा कि बच्चों को बौद्धिक विकास के लिए खेल अत्यंत आवश्यक है इससे उनके शरीक विकास के साथ साथ मानसिक विकास भी होता है इस अवसर पर अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान शीतकालीन समय खेल कुद के लिए अच्छा समय होता है इसमें पढाई के साथ-साथ खेलों से शरीर व मानसिक विकास होता है इस अवसर श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष अखिलेश अग्रवाल ने कहा कि मै विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं को खेलों में भाग लेने पर बधाई देता हूं वे अपनी प्रतिभा को आगे लाये और अच्छा प्रदर्शन करें। इस अवसर पर मशाल दौड का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों के द्वारा किया गया, साथ ही गुब्बारे छोडे गये। बच्चों ने योग के साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। अग्रसेन पब्लिक स्कूल ने 11 दिसंबर से 14 दिसंबर तक आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वार्षिक स्पोर्ट प्रतियोगिता में क्रिकेट, खो-खो, कबड्डी, गोला-फेक, दौड, धीमी साईकिल रेस सहित विभिन्न स्पोर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस स्पोर्ट प्रतियोगिताओं में बच्चों में भारी उत्साह देखने को मिला। विद्यालय के लगभग 600 छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर अग्रवन्धुगण व श्री अग्रसेन पब्लिक स्कूल के शिक्षक/शिक्षिकाए सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## रेल कारीडोर प्रभावितों को दिए गए चेक

कोरबा । कोरबा-पश्चिम क्षेत्र पंखाटफई सुराकछार में आयोजित चेक वितरण कार्यक्रम में पार्षद नरेंद्र देवांगन ने कहा कि रेल लाइन बिछने से इस क्षेत्र में भी रेल कनेक्टिविटी सुनिश्चित हो सकेगी। निकट भविष्य में रेल सुविधाओं के विस्तार के रास्ते खुलेंगे और विकास की संभावनाएं बढ़ेंगी। ऊर्जा नगरी कोरबा समेत रेल सुविधा से अछूते जिले के अनेक क्षेत्रों में इंडस्ट्रियल कोरिडोर के तहत रेल लाइन बिछाने का कार्य तेजी से चल रहा है। इसी कड़ी में नगर के पश्चिम क्षेत्र पंखाटफई सुराकछार में भी रेलवे लाइन का कार्य जारी है। इस कार्य के फल स्वरुप कई परिवारों को विस्थापित होना पड़ा। उनके लिए पहल करते हुए प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने सहयोग निधि स्वीकृत कराई। इसी कड़ी में वार्ड 16 के पार्षद एवं भाजयुमो महामंत्री नरेंद्र देवांगन पंखाटफई सुराकछार पहुंचे थे। वे रेलवे लाइन कार्य से विस्थापित परिवारों के बीच उपस्थित दर्ज करा उद्योग मंत्री लखन देवांगन की पहल से स्वीकृत सहयोग निधि वितरण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और चेक वितरित किया। इस अवसर पर पार्षद नरेंद्र देवांगन ने कहा कि कोरबा के विकास की दौड़ में सहभागी बन रहे पंखाटफई सुराकछार के निवासियों का योगदान अमूल्य है। इस क्षेत्र में रेलवे लाइन आने के साथ निकट भविष्य में रेल सुविधाओं का भी विस्तार होगा। विकास की राह में बाधाएं भी आती हैं पर उन्हें दरकिनार कर क्षेत्र के लोगों का यह सहयोग आने वाली पीढ़ी के अच्छे भविष्य के लिए नींव का पत्थर साबित होगा।

## डा. चौधरी पुरस्कृत

कोरबा । कोल इंडिया सीएसआर कॉन्क्लेव 2024 में केंद्र सरकार में कोयला सचिव विक्रम देव दत्त, कोल इंडिया के चेयरमैन पीएम प्रसार ने एसईसीएल गेवरा एरिया के उप-प्रबंधक (सीडी) डॉ. सुरेश चंद चौधरी को सीएसआर ल्यूमिनेरी अवार्ड से पुरस्कृत किया है।

## राज्य स्तरीय विद्यार्थी विज्ञान मंथन कैंप के लिए नवोदय विद्यालय कोरबा के छात्र आयुष्यमान का हुआ चयन

कोरबा । कोरबा जिलान्तर्गत स्थानीय पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय सलोरा, कोरबा के कक्षा 6 के छात्र मास्टर आयुष्मान चौरसिया का चयन राज्य स्तरीय विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा में किया गया है। विद्यालय की प्राचार्या शान्ति मोहंती ने बताया की छात्र आयुष्यमान चौरसिया कक्षा 6वी का होनहार छात्र है और उन्होंने अपनी कक्षा की कैटेगरी में जिले में प्रथम और छत्तीसगढ राज्य में 13वा स्थान प्राप्त किया है।उन्होंने आगे बताया की विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा एक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है जो विज्ञान और गणित के क्षेत्र में छात्रों की प्रतिभा को पहचानने और प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित की जाती है। मास्टर आयुष्मान चौरसिया का चयन इस परीक्षा में एक बड़ी उपलब्धि है और हमें उनको इस उपलब्धि पर गर्व है। वह अब राज्य स्तरीय शिविर में भाग लेंगे जो राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर, छत्तीसगढ़ में आयोजित किया गया है। स्कूल के प्रधानाचार्य शान्ति मोहंती ने आगे कहा, हम आयुष्मान चौरसिया की इस उपलब्धि पर बहुत गर्वित हैं। यह हमारे स्कूल की शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता को दर्शाता है। उन्होंने बताया की आयुष्मान इसी वर्ष राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भी प्रतिभाग किया था। प्राचार्या ने विद्यालय के समस्त शिक्षकों और उनके माता पिता को छात्र की इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हैं और उनके भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

सीजीएम कार्यालय में तालाबंदी 24 दिसंबर को कोरबा । एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा परियोजना अंतर्गत एसईसीएल गेवरा क्षेत्र द्वारा प्रभावित भू-विस्थापित ग्राम भिलाई बाजार, उमेंदीभाटा, रलिया, नराईबोध, सलोरा, बरभाठा, मुड़ियानार, केसला, पढ़नीपारी के बेरोजगार युवाओं को ठेका रोजगार मुहैया कराने के लिए अपुस्ट जानकारी के अनुसार पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय जायसवाल के द्वारा 24 दिसंबर को सीजीएम कार्यालय में ताला बंदी करेंगे।

एसईसीएल प्रभावित बेरोजगार युवकों का कहना है कि एसईसीएल गेवरा द्वारा उनके ग्राम जमीन को अधिग्रहण कर तो लिया गया है, लेकिन उन्हें आज तक रोजगार नहीं मिला केवल झूठा आश्वासन मिलते आया है। बड़े खातेदारों को तो रोजगार मिल गया लेकिन छोटे खातेदारों का जमीन भी गयी और उन्हें रोजगार भी नहीं मिला एसईसीएल गेवरा खदान में जितने भी कंपनियां काम कर रही है।

## समाज और मानवता के लिए मित्रसेन ने किया काम

कोरबा। इस परिवर्तनशील संसार में जिसने जन्म लिया है, उसकी मृत्यु निश्चित है। लेकिन जन्म लेना उसी का सार्थक है,जो अपने कार्यों से कुल, समाज और राष्ट्र को प्रगति के मार्ग पर अग्रसर करता है। महाराजा भतृहरि के इन महावाक्यों को चरितार्थ करता चौधरी मित्रसेन आर्य का जीवन सत्य,संयम और सेवा का अद्भुत मिश्रण रहा। इनके लिए स्वहित को छोड़ मानव हित ही सर्वोपरि रहा। 15 दिसंबर 1931 को हरियाणा के हिसार जिले के खांडा खेड़ी गाँव में चौधरी श्रीराम आर्य के घर में माता जीवो देवी की कोख से चौधरी मित्रसेन आर्य का जन्म हुआ। अपने पूर्वजों से मिले संस्कार व अपनी पत्नि के साथ चौधरी मित्रसेन जी सन् 1957 में रोहतक में एक लेथ मशीन के साथ अपना खुद का व्यवसाय शुरू किया। एक गृहस्थ व व्यवसायी होते हुए भी उन्होंने अपने जीवन में ऐसे आदर्श स्थापित किए जिन्हें यदि हम अपना लें तो रामराज्य की कल्पना साकार की जा सकती है।चौधरी जी के विचार थे हमें हर कार्य को करने पहले यह सोच लेना चाहिए कि इसके करने से सबका हित होगा या नहीं ।यदि व्यक्तिगत रुप से लाभ लेने वाला कोई कार्य समाज के लिए अहितकर है तो उस कार्य को कदापि नहीं करना चाहिए।ऐसे महान विभूति के जन्मदिन के पावन अवसर पर दीपका स्थित इंडस्र पब्लिक स्कूल में विशेष प्रात:कालीन सभा एवं पूजन का आयोजन किया गया।प्रात: प्रार्थना स्तुति के पश्चात वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन का विशेष आयोजन किया गया। पूजन में विद्यालय के

समस्त शिक्षक -- शिक्षिकाओं ने चौधरी मित्रसेन आर्य के तैल्य चित्र में पुष्प अर्पित किया। विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं बच्चों तथा कर्मचारियों ने पूजन में भाग लेकर चौधरी मित्रसेन जी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की कार्यक्रम का संचालन कक्षा नवमी की छात्रा सुश्री पायल सहारन ने किया।कक्षा 9 वीं के विद्यार्थियों ने बहुत ही सुंदर प्रात:कालीन सभा की प्रस्तुति दी।विद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष श्री हेमलाल श्रीवास ने चौधरी मित्रसेन आर्य के जीवन की प्रेरक घटनाओं से विद्यार्थियों को परिचित कराया साथ ही ओजमयी कविता के माध्यम से विद्यार्थियों में उत्साह का संचार किया।संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉक्टर योगेश शुक्ला ने वैदिक मंत्रोच्चारण से विद्यालय का वातावरण विशुद्ध कर दिया। पूजन एवं पुष्प अर्पण कार्यक्रम के दौरान निरंतर वैदिक मंत्रों का उच्चारण एवं जाप किया जाता रहा।पूरा विद्यालय परिसर आध्यात्मिकता से सराबोर हो गया। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एवं शैक्षणिक प्रभारी श्री सब्ब्यसाची सरकार सर ने कहा कि जीवन पर्यंत परोपकार एवं परहित के आदर्श पर चलने वाले और समाज को एक दिशा और दृष्टि देने वाले चौधरी मित्रसेन जी भौतिक रुप से आज हमारे बीच नहीं हैं,लेकिन उनके विचार कार्य और उनकी दृष्टि युगों-युगों तक भावी पीढ़ी हेतु एक प्रेरणास्रोत रहेगी।बेटियों की शिक्षा-दीक्षा एवं उनकी सुरक्षा के प्रति चौधरी जी ने अभूतपूर्व कार्य किये हैं।पूजन के पश्चात विद्यालय के बच्चों द्वारा एक भजन प्रस्तुत किया गया तथा एक नृत्य नाटिका के माध्यम से चौधरी मित्रसेन आर्य के जीवन पर प्रकाश डालकर उनके संघर्षों एवं सफलताओं से परिचित करवाया गया। पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी बच्चों चौधरी मित्रसेन आर्य की जीवनी एवं उनके कार्यों के बारे में बताया गया। इसके पश्चात उनके जीवन से संबंधित प्रश्नोत्तरी का आयोजन शिक्षकों के द्वारा किया गया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय की शैक्षणिक प्रभारी श्रीमती सोमा सरकार के साथ ही सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों का विशेष सहयोग रहा। इस पावन अवसर पर विद्यालय प्राचार्य डॉक्टर संजय गुप्ता ने अपने प्रेरक उद्बोधन में कहा कि दुनिया में कुछ ही विरले लोग ऐसे होते हैं जो अपने सत्कर्मों के पदचिन्ह छोड़ जाते हैं।जो दुसरों के लिए हमेशा अनुकरणीय होते हैं। चौधरी मित्र सेन ऐसे व्यक्तित्व के धनी थे। वे जीवनभर हमारे लिए मिसाल एवं प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। चौधरी जी के जीवन का हर एक पहलू हम सब के लिए एक आदर्श है।उन्होंने प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से हमें सकारात्मकता का ही संदेश दिया है।उनके जीवन से हम मानवता और सेवा का पाठ सीख कर अपना जीवन सफल बना सकते हैं। एक सफल व समृद्ध व्यक्ति होते हुए भी वे हमेशा विनम्र और मृदुल रहे।उनके प्रत्येक कार्य में उनकी महानता की झलक देखने को मिलती है। सच में उनका जीवन अनुकरणीय व प्रेरक है।

## अथर्व ने अंतर्राष्ट्रीय अबेकस स्पर्धा में जीता रनर अप पुरस्कार

कोरबा । कोरबा अंचल में संचालित न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल के कक्षा तीसरी में अध्ययनरत अथर्व अग्रवाल ने दिल्ली में आयोजित अंतराष्ट्रीय अबेकस प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्ग से 30 से अधिक देशों के 6 हजार छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## गवाही के अभाव में कई बंदियों के प्रकरण लंबित

कोरबा । 15 दिसंबर को सत्येन्द्र कुमार साहू, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा एवं कु. डिम्पल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा जिला जेल कोरबा एवं उपजेल कटघोरा का निरीक्षण किया गया। जिला जेल कोरबा में पुरूष अभिरक्षक्षाधीन बंदी की संख्या 230, जिसमे से महिला अभिरक्षाधीन बंदी 22 तथा 208 पुरुष अभिरक्षाधीन बंदी एवं उपजेल कटघोरा में 198 अभिरक्षाधीन बंदी तथा 01 सजायाफ्ता बंदी सहित कुल 199 बंदी जेल में निरूद्ध पाये गये। अध्यक्ष के द्वारा जिला जेल कोरबा के सभी पुरूष बैरक एवं महिला बैरक में जाकर अभिरक्षाधीन बंदियों से जेल में भोजन की व्यवस्था साफ-सफाई अभिरक्षाधीन बंदियों के प्रकरणों में अधिवक्ता नियुक्त किया गया है कि नहीं इसकी जानकारी ली गई। अभिरक्षाधीन बंदियों के द्वारा पूछे गये सवाल के संबंध में विधिक सलाह भी दी गयी। अभिरक्षाधीन बंदियों से पूछताछ के दौरान अधिकांश बंदियों के द्वारा बताया गया कि उनके प्रकरण न्यायालय में बहुत लंबे समय से चल रहे है, कुछ गवाही शेष है जिनके उपस्थित होने पर प्रकरण का निराकरण शीघ्र हो सकता है, ऐसे प्रकरणों की सूची सहायक जेल अधीक्षक कोरबा को प्रकरण की अद्यतन स्थिति से अवगत कराये जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिये गये।

अभिरक्षाधीन बंदियों की पेशी दिनांक में उपस्थिति सुनिश्चित किया जावें तथा जो बंदी पेशी दिनांक में उपस्थित नहीं हो पाते है उसे विडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से उपस्थित कराया जाने के निर्देश दिए गए। लंबे समय से बंद अभिरक्षाधीन बंदियों जो 04 वर्षो से अधिक, 02 वर्ष से अधिक समय से निरूद्ध है, उनकी जानकारी प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। अभिरक्षाधीन बंदियों जिनकी उम्र 18 वर्ष से 22 वर्ष तक की सभी बंदियों से पूछताछ की गई, तथा ऐसे बंदी जिनकी आयु 60 वर्ष या उससे अधिक है ऐसे बंदियों को नियमानुसार विधिक लाभ प्रदान किए जाने हेतु निर्देश दिया गया, दोनों जेल में भोजन कक्ष का एवं साफ-सफाई का निरीक्षण किया गया, दोनों जेलों में ठंड से बचाव हेतु उचित मात्रा में रजाई और कंबलों की आपूर्ति के संबंध में जायजा लेते हुए मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु चिकित्सा सुविधाओं का पुख्ता इंतजाम किए जाने का निर्देश दिया गया।

## लावारिस हालत में पड़े हैं नीलगिरी के 120 कटे वृक्ष

कोरबा । कोरबा जिले के पाली वन परिक्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत चैतमा के आश्रित राजस्व ग्राम भरूहामुड़ा में शासकीय भूमि पर राजीव गांधी जल ग्रहण मिशन द्वारा लगभग 35-40 वर्ष पूर्व वृक्षारोपण के तहत पौधा रोपण किया गया था।

जानकारी के अनुसार जिसे ग्राम भरूहामुडा के कुछ ग्रामीणों ने आपसी विचार कर ग्राम मे तोरण त्यौहार के लिए पैसा व्यवस्था के तहत नीलगिरी पेड को काटकर बेचने की योजना बनाकर खोंनसरा निवासी से सौदा कर पेड को कटवाया। उसके द्वारा एक स्वराज माजदा गाडी से एक गाडी लकडी ले जाया गया। परंतु इसी बीच वन विभाग को पता चला जिस पर लकडी को रोका गया, परंतु यहां पर वन विभाग एवं राजस्व विभाग का पेंच फंस गया। बताया जा रहा हैं की चूंकि जिस जगह की लकड़ी कटी है वह राजस्व की भूमि है जिस पर राजस्व विभाग द्वारा लकड़ी जप्ती का कार्यवाही करते हुए 390 नग लकडी जब्त कर वन विभाग के सुपुर्द किया गया है परंतु वन विभाग ने आज तक लकड़ियों का उठाव नहीं किया है।

## प्रयागराज महाकुंभ 2025 हेतु कोरबा बंग समाज नें किया थाली और थैला दान

कोरबा। प्रयागराज महाकुंभ दिनांक 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज में सम्पन्न होने वाला है। 144 वर्षों पश्चात् कुम्भ का यह शुभ मुहूर्त प्राप्त हुआ हैं। जिसमें 45 दिनों में अनुमानित 40 करोड़ श्रद्धालु सम्मिलित होने वाले हैं। कल्पना करें कि इतने तीर्थयात्रियों के भोजन आदि में कितना पॉलिथिन व डिस्पोजेबल, प्लास्टिक या कागज लग सकता है। जो कचरा बन कर तीर्थ नगरी प्रयागराज व पवित्र त्रिवेणी संगम को बुरी तरह प्रदूषित कर सकता है। महाकुंभ में प्रतिदिन लगभग 10 हजार टन कचरा उत्सर्जित हो सकता है इस प्रकार 45 दिनों मे कुल 40 से 50 हजार टन कचरा उत्सर्जित होने का अनुमान है। हमारा प्रयास है कि अपना यह महाकुम्भ पर्यावरण अनुकूल बने, हरित कुम्भ बने। इसलिये पर्यावरण संरक्षण गतिविधि ने संकल्प लिया है कि हर घर से एक थाली, एक थैला संग्रहित कर प्रयागराज के तीर्थयात्रियों तक पहुंचाया जाये। ये थैले तीर्थ यात्रियों को आग्रह पूर्वक कुम्भ स्थल मे प्रवेश करते ही दिया जायेगा जिससे वे प्लास्टिक के थैले आदि में सामान न खरीद कर इस थैले का उपयोग करें इसी प्रकार जो थाली हैं वे सब जहाँ जहाँ भोजन के पंडाल लगेंगे वहाँ प्रदान किया जायेगा। जहाँ श्रद्धालु थाली मे भोजन कर फिर वहां रख जायेंगे। इस प्रकार जो भोजन के दोने पत्तल और सिंगल यूस्ड प्लास्टिक के कचरे की संख्या मे कमी आएगी।

इस कुम्भ मे कचरा प्रबंधन मे 115 योजनाकारों की टीम कार्य कर रही है लगभग 10 हजार स्वच्छता मित्र कार्य करना प्रारम्भ कर दिये हैं। इस कुम्भ से उत्सर्जित होने वाले सभी प्रकार के आपशिष्ट के त्वरित निपटान की भी वृहत योजना बनी हुई है। कुम्भ मे कचरा कम हो इसके लिये पूरे भारत वर्ष से थैला और थाली समाज से दान मे लेकर कुम्भ मे भेजनें की योजना अंतर्गत कोरबा जिला के बंगाली समाज से कोरबा बंग समाज संस्थान द्वारा आज रविवार दोपहर 12 बजे सियान सदन में संक्षिप्त कार्यक्रम के तहत पर्यावरण गतिविधि के विभाग सह संयोजक शैलेन्द्र नामदेव, जिला संयोजक कैप्टेन मुकेश अधलखा एवं आरएसएस के कोरबा नगर संघ चालक अशोक तिवारी को 201थाली और 201 थैला सौंपा गया। इस दौरान कोरबा बंग समाज के सदस्यगण उपस्थित रहें।

## समनामी समाज की 17 दिसंबर को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

कोरबा । कोरबा अंचल में बाबा गुरु घासीदास की शोभायात्रा सतनामी समाज के द्वारा 17 दिसंबर को निकाली जाएगी। शोभायात्रा दोपहर 12 बजे सीतामणी जैतखंभ से सतनाम भवन प्रांगण ट्रांसपोर्ट नगर तक आयेगी।

## शिव औषधालय में स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार 18 को

कोरबा। चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट एवं श्री शिव औषधालय के संयुक्त तत्वाधान में बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए बच्चे रहे स्वस्थ योजनान्तर्गत नाड़ीवैद्य डॉ.नागेंद्र नारायण शर्मा द्वारा श्री शिव औषधालय एम.आई.जी 20, आर.पी.नगर फेस 2 निहारिका में दिनांक 18 दिसंबर 2024 बुधवार को अति शुभ पुष्य नक्षत्र में आयुर्वैदिक इम्यूनाईजेसन प्रोग्राम के तहत स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार कराया जायेगा। डा. शर्मा ने बताया कि शिविर में जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चो को स्वर्ण बिन्दु प्राशन ड्रॉप्स पिलाकर आयुर्वेद पद्धति से टीकाकरण किया जाएगा। साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य का निशुल्क चिकित्सकीय परीक्षण करने के साथ-साथ बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिये बच्चों को एवं उनके अभिभावकों को बच्चों की आयुनुसार उनके लिए उपयोगी आहार विहार के विषय मे विस्तार से जानकारी देने के साथ उनके लिए उपयोगी योग प्राणायाम का भी निशुल्क प्रशिक्षण दिया जायेगा। स्वर्ण बिंदु प्राशन संस्कार कराने हेतु मो.नंबर 9826111738 पर संपर्क कर निर्धारित समय प्राप्त किया जा सकता है। जिससे बच्चों को असुविधा न हो और ज्यादा देर प्रतीक्षा न करनी पड़े।

## संजय नगर रेल अंडर पास के दायरे में आ रही 95 परिसमिति हटाने का काम शुरू



कोरबा। औद्योगिक नगर कोरबा के प्रथम रेल अंडर पास का काम आगामी दिनों में प्रारंभ होने जा रहा है। जिला प्रशासन और रेलवे के द्वारा 50- 50 प्रतिशत लागत राशि वहन करने की शर्त पर इस योजना को अंजाम देने का समझौता किया गया है। निर्माण कार्य शुरू होने से पहले संबंधित क्षेत्र में 95 परिसंपत्तियों को हटाया जा रहा है। इसकी प्रक्रिया रविवार से शुरू हो गई है। इस मामले में सभी चीज पहले ही स्पष्ट कर दी गई थी, इसलिए विरोध जैसा कुछ नहीं हो सका। खबर के मुताबिक प्रभावितों को प्रशासन ने 3 करोड़ का मुआवजा दे दिया गया है। कोरबा के कैनाल ब्रिज से होकर स्टेशन को जाने वाले रास्ते पर संजय नगर में रेलवे क्रॉसिंग है यहां से हर 30 मिनट में ट्रेन का आवागमन होता है इसलिए फाटक को बंद करने से कई प्रकार की समस्याएं पेश आती हैं और लोग परेशान होते हैं काफी समय से समस्या का समाधान करने की मांग लोग करते रहे हैं लंबा समय बीतने के बाद इस दिशा में योजना बनाई गई और तय किया गया कि संजय नगर क्रॉसिंग पर रेल अंडर पास बनाया जाएगा ताकि लोगों को परेशानी से मुक्ति मिल सके खबर के अनुसार इस योजना पर कुल 30 करोड रुपए खर्च होना है। इसकी आधी लागत रेलवे देगा और बाकी का खर्च जिला प्रशासन के द्वारा दिया जाना तय किया गया है। प्लानिंग और डिजाइन के साथ-साथ तकनीकी स्वीकृति के चक्कर में यह मामला अटका हुआ था। जानकारी मिली है कि सभी चीज फाइनल हो गई हैं और अब इसके साथ काम को आगे बढ़ाई जाना है।। इसी सिलसिले में स्थानीय प्रशासन और नगर निगम ने कार्रवाई तेज की। इसके अंतर्गत संबंधित क्षेत्र से उसे कब्जे को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई है जो रेल अंडर ब्रिज के दायरे में आ रही है। पहले दिन 25 से अधिक लोगों ने अपनी परिसंपत्तियों को हटा लिया है। कोरबा तहसीलदार ने बताया कि रेल अंडर पास के आसपास के क्षेत्र में कुल 95 परिसंपत्ति प्रभावित हो रही हैं। 25 फ़ीसदी परिसंपत्ति लोगों ने खुद हटा ली है और बाकी को अगले एक-दो दिन में हटाने को कहा गया है। ड्डस्ह्ल

बताया गया कि इनका सर्वेक्षण हमारी टीम ने पहले कर लिया था। सभी लोगों को मुआवजा का भुगतान उनके खाते में ट्रांसफर कर दिया गया है। सभी कुछ पारदर्शी हैं इसलिए विरोध की कोई गुंजाइश नहीं रह गई है। माना जा रहा है कि बहुत जल्द इस स्थान से वह सभी अव

# महिला कमांडो ने की छापामार कार्रवाई, 50 बोरी लहान बरामद

**जांजगीर चांपा।** राहौद के सबरिया डेरा में शराब माफियाओं द्वारा तालाब किनारे बड़े-बड़े लकड़ी के चूल्हे जलाकर कच्ची महुआ शराब बनाने की तैयारी चल ही रही थी, जिसकी सूचना महिला कमांडो को मिली, नगर की महिला कमांडो ने घेराबंदी करते हुए कच्ची महुआ शराब बनाने वाले ठिकाने पर दबीश दी। इस दौरान शराब माफिया महुआ लहान व लकड़ी के चूल्हे सहित 10 नग डेजका को छोड़ भाग निकले।

गौरतलब है कि राहौद के सबरिया डेरा अवैध महुआ शराब बनाने को लेकर आए दिन सुर्खियों में रहता है। इसके पहले भी नगर की महिला कमांडो ने 100 बोरी महुआ लहान व कच्ची महुआ शराब जप्त करने की कार्रवाई की थी। खास बात यह है कि नगर में पुलिस सहायता केंद्र संचालित हो रही इसके बावजूद भी बड़ी मात्रा में अवैध मुहुआ शराब की कारोबार चल रही है। वहीं स्थानीय पुलिस से महिला कमांडो की टीम महुआ शराब पकड़ने में आगे निकल गई है। महिला कमांडो की टीम नगर में अवैध शराब की बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए पिछले दो साल से

कार्य कर रही है।

महिला कमांडो द्वारा लगातार कार्रवाई करने पर नगर के गली मोहल्ले में बिकने वाले आवाज है। जिस महिला कमांडो की नक्शा मुक्ति अभियान को सफलता मिल रही है। अवैध महुआ शराब कि छापे मार करवाई से शराब माफियाओं में हड़कंप मच गया है। जिस जगह से पूरे क्षेत्र में अवैध कच्ची महुआ शराब को तस्करी होती है इस ठिकाने पर जाकर महिला कमांडो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शराब माफियाओं के होश उड़ा दिए। यहां पर अवैध कच्ची महुआ शराब बनाने की तैयारी चल रही थी बड़ी मात्रा में शराब माफियाओं ने महुआ लहान को तालाब में डुबोकर सड़ाया था। तालाब किनारे लकड़ी चूल्हा की भट्टी जल रही थी। बड़े-बड़े डेजका के साथ कच्ची महुआ शराब निकालने की पूरी तैयारी में थे।

हुए घेराबंदी कर यह कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस संबंध में महिला कमांडो राहौद की अध्यक्ष मंगली बाई केंवट का कहना है कि सबरिया डेरा में छापा मार कार्रवाई किए हैं। पुलिस के पीछे में महुआ शराब की बिक्री हो रही है। 50 बोरी महुआ पर 10 बड़े- बड़े डेजका जब्त किए हैं।

**बिना नंबर प्लेट के दो पहिया वाहन से हो रही तस्करी-अवैध**

महुआ शराब कारोबार का बड़ा नेटवर्क है। नगर सहित आसपास के गांव में कच्ची महुआ शराब की तस्करी दो पहिया वाहन से हो रही है। यहां पुलिस सहायता केंद्र के सामने से ही बड़ी मात्रा में कच्ची महुआ शराब की तस्करी किया जा रहा है। तस्कर हमेशा बिना नंबर प्लेट की

## पहल संस्था ने छात्राओं को स्कूल बैग बांटे

**अकलतरा।** पहल संस्था की ओर से शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला में कक्षा छठवीं में अध्ययनरत 60 छात्राओं को स्कूल बैग बांटा गया। स्कूल की चार मेधावी छात्राओं प्रोत्साहित करने के लिए 500-500 रुपए दिए गए।

सामाजिक संस्था पहल ने नगर के शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला में स्कूल बैग वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम उद्यान विभाग की उपसंचालक रंजना माखीजा के मुख्य आतिथ्य, पहल संस्था के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल की अध्यक्षता, विक्रांत माखीजा, डॉ. रामायण सिंह और प्रधान पाठक रविंद्र सिंह बैंस के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में रंजना माखीजा ने कहा कि पहल संस्था द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में विशेष कार्य किए जा रहे हैं। छात्राओं को स्कूल बैग प्राप्त होने से अध्यापक में सुविधा प्राप्त होगी। उद्यान विभाग द्वारा सब्जी व फलों की खेती के लिए कई योजनाओं का संचालन करने के साथ सब्सिडी दी जा रही है।

क्षेत्र के लोग उद्यान विभाग की योजनाओं का लाभ लें। राजेश अग्रवाल ने कहा कि एक छात्रा शिक्षित होती है, तो वह पूरे परिवार को शिक्षित करती है। बालिकाएं समाज में किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है, जीवन में एक लक्ष्य बनाकर लक्ष्य की ओर अग्रसर रहे, पहल संस्था द्वारा नगर में छात्राओं को संगीत सीखने के लिए निशुल्क संगीत क्लास प्रारंभ करवाने के साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जल्द ही सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया जाएगा।

# गोधना-कांसा पहुंच मार्ग बदहाल आज तक नहीं नहीं बनी पक्की सड़क

**जांजगीर चांपा।** गोधना-कांसा के बीच आज तक पक्की सड़क नहीं बन सकी है। सड़क बनाने को लेकर ग्रामीण लगातार मांग कर रहे है, बावजूद इसके ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मजबूरन लोग धूल भरी कच्ची सड़क पर चलने मजबूर है।

नवागढ़ विकासखंड के अंतर्गत आदर्श ग्राम पंचायत गोधना से ग्राम पंचायत कांसा की दूरी लगभग 3 किलोमीटर है। यहां के लोगों को आज तक पक्की सड़क नसीब नहीं हो पाई है। लोग आज भी कच्ची सड़क से आवागमन करने हेतु विवश हैं। पक्की सड़क नहीं बनने के कारण राहगीरों को आवागमन करने में परेशानियां हो रही हैं जहां बरसात के दिनों में यह रास्ता कीचड़ से भरा होता है वही गर्मी के दिनों में धूल उड़ते हुए सड़क पर चलने के लिए राहगीर मजबूर होते हैं। देश को आजाद हुए 75 वर्ष हो गए है। केंद्र सरकार द्वारा आजादी का अमृत वर्ष मनाया गया, वहीं ग्रामीणों के लिए यह रास्ता परेशानी का सबब बना हुआ है,जहां एक केंद्र सरकार राज्य सरकार को सड़क निर्माण हेतु करोड़ो रुपए आवंटित कर रही है फिर भी यह रास्ता कच्ची पड़ा है। इसका मुख्य कारण इन दोनों गांव का अलग-अलग विधानसभा क्षेत्र में पाया जाना है, जहां गोधना पामगढ़ विधानसभा में आता है वहीं ग्राम कांसा जांजगीर विधानसभा के अंतर्गत आता है। दोनों ही विधानसभा के

विधायक शेष राज हरबंस और व्यास कश्यप भी इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं सांसद कमलेश जांगड़े द्वारा अभी कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। वहीं दोनों गांव के सरपंचों द्वारा सड़क निर्माण हेतु कई बार आवेदन भी दिया जा चुका है। ग्रामीणों को भी खेती किसानी के दिनों में रासायनिक खाद को अपने कंधे पर लेकर जाना पड़ता है क्योंकि इस रास्ते पर बरसात के दिनों में न तो साइकिल चलता है और न ही मोटरसाइकिल चल पाता है। दोनों ग्राम पंचायत के ग्रामीणों के इस दुर्दशा का सुध-बुध लेने वाला कोई नहीं है। इस सड़क के बन जाने से ग्राम सहित आसपास के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।

## हार्वेस्टर की चपेट में आने से युवक की मौत, चालक फरार

**बाराद्वार।** बाराद्वार थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत आमादहरा में शनिवार को एक दर्दनाक हादसा हुआ। धान की कटाई के दौरान हार्वेस्टर मशीन की चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद हार्वेस्टर चालक मौके से गाड़ी लेकर फरार हो गया। ग्रामीणों की भीड़ ने काफी जद्दोजहद के बाद वाहन समेत चालक को पकड़ लिया। आरोपी को पुलिस के सुपुर्द किया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस के मुताबिक बाराद्वार थाना क्षेत्र के गांव आमादहरा में फलस कटाई के लिए एक हार्वेस्टर आया था। जिसमें जितेंद्र पटेल पिता अजीत राम पटेल काम करता था। शनिवार की शाम को जितेंद्र पटेल हार्वेस्टर की चपेट में आ गया। इससे उसका सिर बुरी तरह कुचल गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने चालक की गिरफ्तारी की मांग की। सूचना पर बाराद्वार पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और हालात को काबू में किया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और फरार हार्वेस्टर चालक की तलाश शुरू कर दी है। ग्रामीणों का आरोप है कि हार्वेस्टर का संचालन सावधानी पूर्वक नहीं किया गया। जिसके कारण यह हादसा हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जल्द ही दोषी चालक को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया है। इस घटना से क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है।

# धान का नहीं हो रहा उठाव 70 केंद्र में बफर लिमिट पार

**जांजगीर-चांपा।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की रफ्तार तेज होने के साथ व्यवस्था चरमराने लगी है। अभी तक 14 लाख 69 हजार क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। इधर धान का उठाव अब तक शुरू नहीं हो सका है, जिससे उपार्जन केंद्रों में धान का अंबार लग गया है। जिले के 70 केंद्र में बफर लिमिट पार हो चुकी है। इन केंद्रों में अब नए किसानों का धान खरीदने के लिए जगह की समस्या हो रही है।

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की शुरुआत 14 नवंबर से हुई है। जिले में धान खरीदी के लिए 129 उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं। धान बेचने 1 लांख 27 हजार 497 किसानों ने पंजीयन कराया है। नवंबर माह तक जिले में धान खरीदी की रफ्तार कम थी। दिसंबर की शुरुआत होते ही उपार्जन केंद्रों में धान की आवक बढ़ने लगी। सप्ताहभर में धान खरीदी की रफ्तार तेजी से बढ़ी है। शुक्रवार तक जिले में 36 हजार 476 किसान 14 लाख 69 हजार 391 क्विंटल धान बेच चुके हैं।

आवक के बावजूद उपार्जन केंद्रों से उठाव नहीं हो रहा है। ऐसे में केंद्रों में धान जाम हो गया है। जिले में 70 केंद्र ऐसे हैं जहाँ बफर लिमिट पार हो चुकी है। इन केंद्रों में अब नए किसानों का धान रखने के लिए जगह नहीं बचा है। आने वाले एक दो दिन में धान का उठाव नहीं होने पर इन केंद्रों में धान खरीदी बंद होने की नौबत आ सकती है। सबसे बड़ी समस्या यह है एक राइस मिलर्स इन दिनों हड़ताल पर हैं। जिले में पार्जन केंद्रों से धान एक संग्रहण केंद्र में भेजना है। वहीं राइस मिलर्स के माध्यम से धान का उठाव कराया जाना है। राइस मिलने की हड़ताल के कारण यह काम शुरू नहीं हो पा रहा है। राइस मिलर्स की हड़ताल 20 दिसंबर तक चलने वाली है। ऐसे में धान के उठाव को लेकर उपार्जन केंद्र के प्रभारी परेशान नजर आ रहे हैं।

### किया है पत्राचार

***जिले में 14 लाख 69 हजार क्विंटल धान की खरीदी की जा चुकी है। 70 केंद्रों में बफर लिमिट पार हो गई है। उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव करने कई बार पत्राचार किया जा चुका है।***

***अमित साहू,***
***नोडल अधिकारी, जिला सहकारी बैंक***

## आंबा सहायिका भर्ती मामले की शिकायत मंत्री से

**पामगढ़।** पामगढ़ ब्लॉक में आंगनबाड़ी केंद्रों में सहायिका कार्यकर्ता भर्ती में फर्जीवाड़े की शिकायत महिला एवं बाल विकास मंत्री से की गई है। लेकिन स्थानीय स्तर के अफसरों पर इस तरह की बड़ी गड़बड़ी का कोई असर नहीं हो रहा है। क्योंकि अफसरों ने अब तक मामले की जांच के महा की ही जाच के लिए कोई पहल को निरस्त करते तक लिख दिया गया है। मगर फर्जीवाड़ा सामने आने के बावजूद परियोजना व सीडीपीओ पर किसी तरह की आंच नहीं आ रही है। पामगढ़ ब्लॉक में आंगनबाड़ी भर्ती में अपना नियम-कानून चलाया जा रहा है। क्योंकि इतना बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आने के बाद भी परियोजना अधिकारी पर एक आंच तक नहीं आई है। जिसका अधिकारी को किसी तरह की प्रशासनिक कार्रवाई का कोई डर नहीं है। यही वजह है कि एक के बाद फर्जी तरीके से भर्तियां की जा रही है। ग्राम पंचायत बोरसी के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 4 में सामने आया है। इसकी शिकायत राजधानी के मंत्री से की गई है। मंत्री के द्वारा मामले की जांच कराने की बात कही गई है।

इस तरह की गई गड़बड़ ।आंगनबाड़ी केंद्र बोरसी में गरीबी रेखा के प्रमाण पत्र में दिए जाने वाले 6 नंबर अंक को विलोपित कर सारा खेल खेला गया है। जिससे पात्र होते हुए भी अभ्यर्थी के नंबर कम हो गए और अपात्र को नियुक्ति दे दी गई है। प्रावधिक सूची में पहले दिया नंबर फिर अंतिम सूची में काट दिया। बोरसी आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका भर्ती के लिए ग्राम बोरसी की ममता टंडन पिता सदाराम टंडन व दामिनी टंडन पिता सदाराम टंडन ने भी आवेदन किया था। आवेदन के साथ जनपद पंचायत पामगढ़ कार्यालय से जारी गरीबी रेखा का प्रमाण पत्र भी संलग्न किया था। जिसमें व्यापक गड़बड़ी कर सहायिक पद पर भर्ती कर ली गई है।

### राज्य सरकार के 1 साल पूरा होने पर विविध कार्यक्रम हुए

**जांजगीर।** प्रदेश में भाजपा सरकार के एक साल पूर्ण होने पर जनादेश-परब मनाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में भाजपा सोशल मीडिया टीम ने प्रदेश प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर के नेतृत्व में सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से मुलाकात की। इस दौरान सोशल मीडिया प्रदेश प्रभारी प्रशांत ठाकुर ने उन्हें कांसे से निर्मित स्मृति चिह्न भेंट किया। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी, प्रशांत सिंह ठाकुर, प्रदेश संयोजक सोमेश चन्द्र पांडेय, सहसंयोजक मितुल कोठारी, रायपुर जिला संयोजक विशाल भूरा सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ग्राम मुलमुला के सुरेश का बीएसएफमें हुआ चयन

**मुलमुला।** ग्राम पंचायत मुलमुला निवासी 23 वर्षीय सुरेश पटेल का चयन बीएसएफकॉडेर सिक्योरिटी फेसंढ में हुआ है। वे एसएससी कांस्टेबल भर्ती परीक्षा में शामिल हुए थे। भर्ती परीक्षा पास करने के बाद उनका चयन बीएसएफ में हुआ। सुरेश पटेल के पिता बरसाती पटेल पेश से किसान हैं।

# 1 घंटा घर को सूना छोड़ना पड़ा महंगा, पलक झपकते 5 लाख पार

**अकलतरा।** पूर्व सैनिक को अपने मकान को एक घंटा सूना छोड़ना महंगा पड़ गया। चोरों ने जेवर व नगदी सहित 5 लाख रुपए के सामान को पार कर दिया। पुलिस अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच में जुट गई। साथ ही सीसी टीवी खंगाल रही है।

पुलिस के अनुसार नगर के वार्ड 20 सीसीआई प्लांट के पास पूर्व सैनिक डीएन तिवारी के घर में मेहमान आए थे। शनिवार शाम 7 बजे मेहमानों के साथ घर से कुछ ही दूर घूमने निकले थे। तकरीबन एक घंटे बाद जब पहुंचे तो उन्होंने देखा कि घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। ताला टूटा देखकर उसके होश उड़ गए। घर में अंदर आने पर सभी रूम के ताले टूटे हुए थे। अलमारी एव लॉकर तोड़ कर चोरों ने अलमारी के अंदर रखे नगदी, सोने चांदी के जेवर एवं महंगी साड़ियों को भी चोरी कर ले भागे। डीएन तिवारी ने बताया कि जेवर व नगदी डेढ़ लाख की चोरी हुई। साथ ही साड़ी भी चोर ले

गए। कुल मिलाकर करीब 5 लाख रुपए के सामान पर चोरों ने हाथ साफ कर दिए। सूचना पर पुलिस तत्काल पहुंची, मौका मुआयना कर अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच में जुट गई। साथ ही डॉग स्क्वायड की मदद ली गई। लेकिन कोई खास सुराग हाथ नहीं लगा। पुलिस आसपास सीसी टीवी खंगाल रही है। तिवारी अपने मकान को छोड़कर कभी भी बाहर नहीं जाते थे, अपने परिजन के साथ पहली बार निकले और घंटे भर में चोरों ने 5 लाख के सामान पर हाथ साफ कर दिए।

**डीवीआर ले गए अपने साथ**

पुलिस ने बताया कि चोर चात लगाकर बैठे रहे होंगे। निकलते ही चोरी की घटना को अंजाम दिए हैं। साथ ही अपने साथ सीसी टीवी का डीवीआर भी ले गए। जिसमें रिकॉर्डिंग होती है। ऐसे में सीसी टीवी में कैद नहीं हो सके।

### 17 को सक्ती में आरक्षण का होगा फैसला

**सक्ती।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अंतर्गत नगरीय निकायों के लिए जिले से नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के पार्षदों के प्रवर्गवार और महिलाओं के प्रवर्गवार स्थानों के आबंटन,आरक्षण के लिए 17 दिसंबर की सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट परिसर जिला सक्ती सभाकक्ष में बैठक होगी। इसमें नगर पालिका सक्ती, नगर पंचायत बाराद्वार, नगर पंचायत जैजैपुर, नगर पंचायत डभरा, नगर पंचायत चंद्रपुर, नगर पंचायत अड़भार में सीटों के आरक्षण तय होंगे।

### महिला से की छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

**बाराद्वार।** घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। बाराद्वार पुलिस के अनुसार 13 दिसंबर को पीड़िता ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 दिसंबर की सुबह उसका पति गांव में काम करने और बेटी स्कूल गई थी। करीब सुबह 9.30 बजे को पीड़िता घर में अकेली थी और नहाने के लिए तालाब जाने को तैयार हो रही थी। उसी समय पड़ोस के सोलू पिता अशोक सतनामी पीड़िता के घर का दरवाजा खोलकर आया और सूनेपन का फायदा उठाकर उससे छेड़छाड़ करने लगा। महिला के चिल्लाने पर वह घर से भाग गया। पीड़िता की लिखित रिपोर्ट पर थाना बाराद्वार में केस दर्ज किया। आरोपी की तलाश शुरू कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## होटल व ढाबों में घरेलू सिलेंडर का धड़ल्ले से हो रहा उपयोग

**जांजगीर-चांपा।** जिले के होटल ढाबो एवं मिष्ठान भंडारों में व्यवसायी कमर्शियल की जगह घरेलु सिलेंडरो का उपयोग करके शासन को हर साल करोडो रूपए का चुना लगा रहे है। वही इन पर कार्यवाही नही हो पाने के चलते उनके हौसले लगातार बुलंद होते चले जा रहे है। जांजगीर चाम्पा जिले के पांच विकासखंड अंतर्गत शहरी क्षेत्रो के होटल, ढाबा, मिष्ठान भंडार सहीत अन्य संस्थानो में नियमो के तहत कर्मशियल गैस सिलेंडर का उपयोग सामान बनाने में किया जाना रहता है। वही इस सिलेंडर की कीमत भी घरेलु सिलेंडर से काफी अधिक होती है, लेकिन संस्थान के संचालको के द्वारा नियमो को ताक में रखकर कमर्शियल के बजाय घरेलु सिलेंडरो का उपयोग दुकान संचालन में कर दे रहे है, जिसके चलते शासन को हर साल करोडो रूपए का नुकसान भी उठाना पडता है। पिछले साल खादय विभाग की टीम के द्वारा जिला मुख्यालय जांजगीर के केरा चौक, नेता जी चौक, नैला रोड सहीत अन्य जगहो के संस्थानो पर कार्यवाही करके सिलेंडरो को जब्त करने की कार्यवाही की गई थी। इसी प्रकार चाम्पा शहर के बरपाली चौक, लायंस चौक सहीत अन्य जगहो के होटल, मिष्ठान भंडारो में दबिश देकर बडी मात्रा में घरेलु सिलेंडरो को जब्त किया गया था। वही अब इस तरह की कार्यवाही नजर नही आ रही है। जिले के शिवरीनारायण, बलौदा, पामगढ, नवागढ बिर्रा सहित अन्य जगहों पर बडी संख्या में मिष्ठान भंडार, होटल संचालन तो किया जा रहा है। दुकान संचालक नियमो को ताकपर रखकर धड़ल्ले से घरेलु सिलेंडरो का उपयोग कर रहे है।

# युवाओं ने अपनी कला और प्रतिभा का किया प्रदर्शन

**चांपा।** युवाओं को कला और संस्कृति के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने विकासखंड स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन बीआरसी भवन में किया गया। इस अवसर पर युवाओं ने अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। युवा महोत्सव के अतिथि बम्हनीडीह बीईओ एमडी दीवान एवं बीआरसी हीरेन्द्र बेहार थे। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत बम्हनीडीह द्वारा इस महोत्सव का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में लोकनृत्य, लोकगीत, कहानी लेखन, चित्रकला, तात्कालिक भाषण, कविता, विज्ञान मेला, कृषि उत्पाद, हस्तशिल्प एवं टेक्सटाइल आदि विधाओं में प्रतिभागियों ने शिरकत की।

इसअवसर पर बीईओ एमडी दीवान ने कहा कि युवा उत्सव का उद्देश्य युवाओं को सांस्कृतिक, शैक्षणिक गतिविधियों से जोड़कर उनकी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर उन्हें सही दिशा देना है। युवाओं को अपनी संस्कृति, कला और कौशल प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर प्रदान करता है। इससे युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है। उन्होंने कहा कि सभी प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया है, जो काफी सराहनीय है। पारम्परिक नृत्यों, गीत सहित सभी विधाओं में एक से बढ़कर एक प्रदर्शन किया है। हमेशा ऐसे आयोजनों में शिरकत कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करे। शिक्षिका ममता जायसवाल ने कहा कि युवाओं को उनके कौशल और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने का बेहतर मंच है। युवा उत्सव युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़कर उनकी प्रतिभा को निखारना है। प्रतिभाशाली युवा कलाकारों की खोज कर उन्हें प्रोत्साहित करना है। कहानी लेखन, चित्रकला, वक्तव्य कला, तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता से युवाओं को अपनी रचनात्मकता और सोचने की क्षमता प्रदर्शित करने का मौका मिलता है। निर्णायको में ममता जायसवाल, मीनाक्षी मानसर, मंजूलता साहू, राजेश कंवर, सत्यपाल सूर्यवंशी, शरद चतुर्वेदी, दुष्यन्त सिंह राज, नेहा खातून, स्मृति तिर्की, रोशीका राठौर, रामबाबू राठौर, मोनल डिग्रस्कर, अशोक देवांगन, ह्यासराम टंडन, कुमार सिंह राज शामिल थे।

# कर्मी हड़ताल पर: शहर में चारों ओर पसरी गंदगी ,नहीं उठ रहा कचरा

**जांजगीर।** शहर में सफाई नहीं होने के कारण चारों तरफ कचरा फैला हुआ है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। बता दें कि 6 मांगों को लेकर नगर पालिका के कर्मचारी पिछले चार-पांच दिनों से हड़ताल पर हैं। हड़ताल में चले जाने से शहर और वार्डों की सफाई व्यवस्था पर बुरा असर पड़ा है।

वर्तमान में अकलतरा रोड, कचहरी चौक, लिंक रोड सहित कई जगहों पर कचरा फैला हुआ है। दुकानों के सामने गंदगी फैली रही। लिंक रोड के पास मस्जिद को जाने वाली सड़क के पास कचरों का ढेर लगा रहा। इसके चलते आसपास के रहवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के लिंक रोड में जगह-जगह कचरे का ढेर लग गया है। इससे लोग परेशान हैं। वहीं, गंदगी से पैदा होने वाली मक्खी-मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों को लेकर भी शहर में खतरा बना हुआ है। इससे लोग बीमारी के शिकार भी हो सकते हैं। ऐसे में अगर सफाई कर्मचारियों की हड़ताल खत्म नहीं हुई तो शहर की सफाई व्यवस्था का हाल बुरा हो जाएगा और लोगों की मुश्किलें बढ़ जाएंगी।

लोगों के कामकाज पर पड़ रहा असर नपा कार्यालय में भी राशन कार्ड, जन मृत्यु प्रमाण पत्र, भवन निर्माण संबंधित आदि काम-काज पर असर पड़ रहा। हड़ताल नगरीय निकायों में काम करने वाले नियमित कर्मचारियों ने किया है। प्लेसमेंट कर्मचारी काम पर लौट गए पर वे हड़ताल को अपना समर्थन दे रहे हैं। वतर्मान में हड़ताल में जांजगीर-नैला नपा के 50 नियमित शामिल हैं।

***ड्रप्लेसमेंट कर्मचारी काम पर लौटे,नियमित अभी हड़ताल पर प्लेसमेंट कर्मचारी काम पर लौट आए हैं।नियमित कर्मचारी अब भी आंदोलन कर रहे हैं। शासन से जैसा निर्देश आएगा, वैसी कार्रवाई करेंगे।***

***-प्रहलाद पांडेय, सीएमओ, जांजगीर नगर पालिका***

## निधन

### विजय मित्तल

**चांपा।** स्थानीय अग्रवाल समाज के प्रतिष्ठित नागरिक मारुति विहार कालोनी निवासी विजय मित्तल (विज्जू भाई) का शनिवार 14 दिसंबर को रात्रि 9 बजे इटवाघाट से निधन हो गया। वे 62 वर्ष के थे। स्व. मित्तल अपने पीछे दो पुत्रों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार रविवार 15 दिसंबर को दोपहर 12.30 बजे हसदेव नदी के पश्चिमी तट पर ग्राम लछनपुर स्थित मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं समेत गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

### गुड़िक प्रसाद शर्मा

**चांपा।** ग्राम सरवानी के प्रतिष्ठित नागरिक एवं सेवानिवृत शिक्षक गुड़िक प्रसाद शर्मा का शनिवार 14 दिसंबर की सुबह 4 बजे निधन हो गया। वे 84 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे अपने पीछे बेटा, नाती पोता सहित भारपूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके अंतिम यात्रा में परिजन एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

## अनमोल वचन.....

भविष्य उसका ही बेहतर होता है अपने आज पर काम करता है ।

## बांग्लादेश से आ रही चुनौती बेहद गहरी

*अब चूंकि बात मुस्लिम पहचान पर आ गई है, तो स्वाभाविक नतीजा है कि धार्मिक अल्पसंख्यकों के समान अधिकार की आकांक्षा पर चोट की जा रही है। इस रूप में पूरब की ओर भी फिर से पाकिस्तान की धारणा साकार हो रही है। बांग्लादेश के साथ भारत के बिगड़ते रिश्तों का दीर्घकालिक संदर्भ बनता दिख रहा है। बांग्लादेश में बड़ी संख्या में लोग अपने देश की पहचान 1971 के संदर्भ में देखने के बजाय 1947 के संदर्भ में देखने लगे हैं। और यह कोई छिपी बात नहीं है। देश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस इसे संयुक्त राष्ट्र के मंच पर कह चुके हैं। तब उन्होंने कहा था बांग्लादेश बना, क्योंकि लोगों का उदारवाद, बहुलवाद एवं धर्मनिरपेक्षता में गहरा यकीन था। दशकों बाद अब नई पीढ़ी उन उसूलों पर पुनर्विचार कर रही है, जैसाकि 1952 में हुआ था, जब हमारे देशवासियों ने अपनी मातृभाषा बांग्ला की रक्षा का संकल्प लिया था।' यानी 1952 में तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान के लोगों ने मजहबी आधार पर बने राष्ट्र को नकार कर भाषा एवं संस्कृति पर आधारित बहु-धर्मीय राष्ट्र को स्वीकार किया था। जबकि अब लोग 1947 की तरफ लौट रहे हैं, जब भारत का मजहबी आधार पर विभाजन हुआ। अब चूंकि बात मुस्लिम पहचान पर आ गई है, तो स्वाभाविक नतीजा है कि धार्मिक अल्पसंख्यकों के समान अधिकार की आकांक्षा पर चोट की जा रही है। इस रूप में पूरब की ओर भी पाकिस्तान की धारणा साकार हो रही है। यह घटनाक्रम ऐसे वक्त पर उभर कर सामने आया है, जब भारत उसे वैचारिक चुनौती देने के लिए लिहाज से सबसे कमजोर स्थिति में है। चूंकि भारत में भी अब मुख्य विमर्श हिंदू-मुसलमान पर केंद्रित है, इसलिए बांग्लादेश में हमेशा से मौजूद रहे, लेकिन अब सिर उठा कर सामने आ चुके महजबी कट्टरपंथी ताकतों को भी तर्क मिल रहा है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि अल्पसंख्यकों पर अत्याचार को लेकर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को अंतरराष्ट्रीय कठघरे में कड़ा करने की रणनीति पर राष्ट्रीय आम सहमति बनाने के बजाय भारत में सियासी पार्टियां इस पर राजनीतिक लाभ उठाने के अभियान में जुटी हुई हैं। मगर इससे बांग्लादेश के हिंदुओं का भला होने के बजाय और नुकसान हो रहा है। हमारी पार्टियां यह समझने में विफल हैं कि बांग्लादेश से आ रही चुनौती बेहद गहरी है, जिसका मुकाबला संयम और दूरदर्शिता के साथ ही किया जा सकता है।*

## राशिफल

मेष राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। धार्मिक कार्यों की तरफ आपका झुकाव रहेगा। दूसरों की मदद आदि के कार्य में रुचि बढ़ेगी। अगर आपने किसी से रुपए उधार लिए हैं तो आप जल्द उसे चुकता कर देंगे। वैवाहिक जीवन में सुख संतोष में वृद्धि होगी। अगर आपकी खुद की शॉप है तो आपकी सेल्स में बढ़ोतरी होगी।

वृष राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। कारोबार में चौड़ा साथ समझकर आगे बढ़ना आज जीत रहेगा। रुके हुए कार्यों में आपको सफलता जरूर मिलेगी। इस राशि के लोगों को जरूरत से ज्यादा किसी पर भरोसा नहीं करना चाहिए।

मिथुन राशि: आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज कोई खुशखबरी मिलेगी जिससे आप पूरा दिन उत्साहित रहेंगे। आफिस में दोस्तों के साथ पार्टी कर सकते हैं या परिवार जीवन खुशहाल रहेगा। आज आपके विचारों में प्रशंसा आएगी। हार्डवेयर के कारोबारियों का दिन लाभदायक साबित होगा।

कर्क राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। परिवारों परीक्षा की तैयारी में लगे छात्रों को अपनी मंजिल तक पहुँचने में सफलता मिलेगी। आप सामाजिक क्षेत्र से जुड़े है आज आपको सम्मानित किया जाएगा। आंख की समस्या से परेशान लोग अपने डॉक्टर को दिखायेंगे। संतान पक्ष से आपको कोई खुशखबरी मिल सकती है।

सिंह राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। बेरोजगारों को रोजगार का मौका मिलेगा। आपको सभी क्षेत्र कार्यों में सफलता मिलेगी। रात्र पढ़ाई में रुचि रोगे अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी समझेंगे। नए बिजनेस की शुरुआत आपके लिए फलदायी होगी। इस राशि के लोगों की आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी। बाहर का ओवरेली खान-पान आपके स्वास्थ्य को कमजोर कर सकता है।

कन्या राशि: आज आपका दिन सामान्य रहने वाला है। अगर आप टेक्निकल कोर्स कर रहे हैं तो आपको अच्छी जॉब मिल सकती है। आज कार्यकुशलता के दम पर आप वह उपलब्धि हासिल कर लेंगे जिसकी कभी आपने तमन्ना की थी इससे आपको खुशी होगी। आज आप अनुभवी लोगों के मार्गदर्शन पर जरूर अमल करें, निश्चित ही आपको सफलता मिलेगी।

तुला राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज कोई भी निर्णय लेने से पहले परिवारजन की राय अवश्य लें। किसी काम को करने की उत्सुकता बढ़ेगी। आज आपका स्वास्थ्य बेतरा रहेगा, आपके अन्दर एनर्जी भरपूर रहेगी। सरकारी जॉब वाले लोगों के प्रमोशन से जुड़ी अच्छी खबर जल्द मिलेगी।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। काम पर निकलते समय अचानक किसी फोन की कॉल आएगी, उससे आपको महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी। अपने जीवन को बेहतर टेर्न के लिये नया प्रयास करेंगे। कामों समय पहले कोई देवी नई उम्मीदें लेने के लिए पड़ाइन फेसला करेंगे, घर वालों से विचार विमर्श कर लें। आपकी समस्त गतिविधियाँ आज पूरी होंगी। आज आपका आत्मबल बढ़ेगा।

धनु राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहने वाला है। आज का दिन आपके रिश्ते में मिठास घोलेगा। कांट्रेक्शन के कारोबारियों का चल रहा काम आज पूरा हो जाएगा। आज आप पूरी तरह स्वस्थ रहेंगे। आज फास्ट फूड को अवॉयड करें, स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। इस राशि के राजनीतिज्ञ कोई समारोह करने की योजना बना सकते हैं, समाज हित में काम करेंगे। पुत्र पक्ष से आपको सुख मिलेगा।

मकर राशि: आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आज बुजुर्गों का धार्मिक कार्यों में मन लगेगा। दोस्तों के साथ आज रेस्टोरेंट जाएंगे, जहां मस्ती का माहौल बना रहेगा। ऑफिस में किसी बात को लेकर मूड अपसेट हो सकता है, जहां तक होसके नार्मल रहे। आज सिर्फ सुनी सुनाई और आलोचनात्मक बातों पर ध्यान ना दें और अपनी भावनाओं व ऋोध पर नियंत्रण रखें।

कुंभ राशि: आज आपका दिन नॉर्मल रहने वाला है। आज आपके किसी काम की तारीफ होगी। कॉम्पटीशन की तैयारी में आपको सफलता मिलेगी। अपने अन्नपान को जारी रखें। इस राशि की जो महिलाएं अपना बिजनेस स्टार्ट करना चाहती हैं, उनके लिए आज अच्छे योग बन रहे हैं।

मीन राशि: आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज भाई बहनों के साथ खूब मनोरंजन करेंगे। आस-पड़ोस के लोगों से मधुरता बनाये रखें। प्रोफेसर्स के लिए दिन लाभदायक रहेगा। बिजनेसमैन आज कोई डील साइन करेंगे जो तरक्की के साथ लाभदायक साबित होगी। आज करीबी रिश्तेदार आपसे मदद मांग सकते हैं, उनकी संभव मदद जरूर करेंगे।

# पर्वत बचेंगे तभी मानव सभ्यता संस्कृति और सेहत का बचाव

//अखिलेश आर्येन्दु//

**भारत सहित दुनिया के तमाम देशों में पर्वत देवता के रूप में पूजे जाते रहे हैं, लेकिन पहाड़ों के बेतहाशा दोहन से कई समस्याएं पैदा हुई हैं। हम भूल गए कि पहाड़ों के संरक्षण, सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है। जलवायु परिवर्तन पर अंतरसरकारी पैनल के अनुसार 84 प्रतिशत स्थानीय पर्वतीय प्रजातियां विलुप्ति के कगार पर हैं। संयुक्त राष्ट्र दशक 2021-30 प्रकृति की गिरावट रोकना और वापस लाना दस साल की कोशिश है।**

जलवायु परिवर्तन का सबसे ज्यादा असर धरती, पर्वत और हवा पर पड़ा है। धरती तेजी से गर्म हो रही है। मौसम असंतुलित हो गया है। प्राकृतिक आपदाएं ज्यादा देखी जाने लगी हैं। पर्वतों का दोहन इतना अधिक किया गया कि दूसरी तमाम तरह की प्राकृतिक दुर्घटनाएं और समस्याएं आए दिन होने लगी हैं। पर्वतों के दोहन को बचाने और पर्वतों के महत्त्व को समझाने के मकसद से संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 2002 को 'अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस' मनाने की घोषणा की। हर साल 11 दिसम्बर को अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस मनाया जाता है। अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस मनाए जाने का मकसद पर्वतों का संरक्षण, सुरक्षा और उनके दोहन को रोकना है।

जाहिर है पर्वत और इंसान का रिश्ता बहुत पुराना है। उतना पुराना जितना मानव सभ्यता। धरती का 27 प्रतिशत हिस्सा पहाड़ों से ढ़का हुआ है। दुनिया के पंद्रह प्रतिशत आबादी का घर पहाड़ हैं, और दुनिया के लगभग आधे जैव विविधता वाले हॉटस्पाट की मेजबानी भी पहाड़ करते हैं। दुनिया की आधी आबादी के रोजमर्रा की जिंदगी बसर के लिए पानी उपलब्ध कराने का कार्य पहाड़ करते हैं। कृषि, बागवानी, पेय जल, स्वच्छ ऊर्जा और दवाओं की आपूर्ति पहाड़ों के जरिए होती है। दुनिया के अस्सी प्रतिशत भोजन की आपूर्ति करने वाली बीस पौधों की प्रजातियों में से छह की उत्पत्ति और विविधता पहाड़ों से जुड़ी है।

आलू, जौ, मक्का, टमाटर, ज्वार, सेब जैसे उपयोगी आहारों की उत्पत्ति पहाड़ हैं। हजारों नदियों के स्रोत पहाड़ हैं। भारत में नदियों को ही पूजा नहीं जाता, बल्कि अनेक पहाड़ों की पूजा भी की जाती है। तमाम चमत्कारिक घटनाएं पहाड़ों से जुड़ी हैं। तमाम तरह की सामाजिक, धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत पहाड़ों से जुड़ी हैं। इसलिए पहाड़ों का संरक्षण हमारा कर्तृत्व है। सृष्टि-उत्पत्ति के साथ सागर और पहाड़, दोनों मानवता के विकास के आधार रहे हैं, लेकिन जैसे-जैसे नई सभ्यता और संस्कृति के साथ विज्ञान का विकास होता गया वैसे-वैसे पहाड़ और सागर, दोनों प्रदूषित किए जाने लगे। आज हालत यह हो गई है कि पहाड़ और सागर, दोनों का वैभव खत्म होता जा रहा है। जैसे-जैसे वैश्विक जलवायु गर्म होती जा रही है, पर्वतीय ग्लेशियर पिघल रहे हैं। इससे जैव विविधता पर ही असर नहीं पड़ रहा, बल्कि ताजे पानी की उपलब्धता और औषधियां भी लुप्त हो रही हैं।

पर्वतीय पारिस्थितिकी तंत्र बढ़ते प्रदूषण की वजह से खतरे में है यानी दुनिया भर में पर्वतों को संरक्षण देने की जरूरत है। पर्वत हमारे लिए कितने उपयोगी हैं, इसे वह समुदाय सबसे ज्यादा जानता है जिसकी रोजमर्रा की जिंदगी की हर कवायद पर्वतों से जुड़ी है। यूं तो पहाड़ों के संरक्षण को लेकर विश्व का ध्यान 1992 में गया जब पर्यावरण और विकास पर संयुक्त राष्ट्र संघ सम्मेलन में एजेंडा 21 के अध्याय 13 'नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र का प्रबंधन - सतत पर्वतीय विकास' पर जोर दिया गया। अंतरराष्ट्रीय पर्वत दिवस मनाने से पिछले दस सालों में पर्वतीय पर्यटन तेजी से बढ़ा है लेकिन इसका नुकसान भी देखा गया है। पर्यटकों की लापरवाही से पर्यावरण का नुकसान हुआ और पर्वतीय पारिस्थितिकी तंत्र के कमजोर पड़ने का खतरा बढ़ा है।

पहाड़ी इलाकों के निवासियों को रोजगार जंगल और पहाड़ से मिलता है। खासकर महिलाओं के लिए पहाड़ किसी खेती से कम नहीं हैं। युवाओं के लिए पर्वतीय जैव विविधता का संबंध आज अधिक विसनीय है क्योंकि कलाकृतियों के संरक्षण, मूर्तिकला और बेहतर स्वास्थ्य पहाड़ों के स्वच्छ पर्यावरण से ताल्लुक रखता है। आजीविका और प्राकृतिक आहार पहाड़ों से जितना अच्छा मिलता है, उतना शायद और कहीं से नहीं मिलता। ईंधन, औषधियों और लता वाली तरकारियां पहाड़ के दरे में उगती हैं। तमाम जीव-जंतुओं के आवास स्थल पहाड़ हैं। पहाड़ों के दोहन या क्षरण का मतलब जीव-जंतुओं, बहुमूल्य वनस्पतियों, औषधियों और खनिज-रत्नों से महरूम होना है। हिमाचल प्रदेश में 11-12 जिलों में कुदरत के कहर से पहाड़ का पोर-पोर धंस रहा है। असम, झारखंड, उत्तराखंड, राजस्थान, महाराष्ट्र और कर्नाटक में भी पहाड़ों के साथ खूब अनर्थ हुआ है। इसे रोकने के लिए राज्य सरकार, केंद्र सरकार, पर्यावरण संरक्षक और जनता को माफिया के खिलाफ आगे आना होगा। धरती पर रहने वाले हर इंसान का पहाड़ों से रिश्ता रहा है। पर्वत बचेंगे तभी मानव सभ्यता, संस्कृति और सेहत, तीनों का बचाव होगा।

## सरकार ओसीसीआरपी की साख पर सवाल उठा रही

कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी पर आरोप है कि वे देश में विकास को बाधित कर रहे हैं, निवेश रोकना चाहते हैं, देश को बदनाम कर रहे हैं आदि आदि। सवाल है कि क्या गौतम अडानी के खिलाफ कोई बात कहना देश के खिलाफ बोलना हो गया? पहले तो भाजपा और केंद्र सरकार के इकोसिस्टम ने यह नैरेटिव बनाया कि सरकार के खिलाफ या नरेंद्र मोदी के खिलाफ बोलना देश के खिलाफ बोलना होता है। उन्होंने प्रधानमंत्री और सरकार को ही देश बना दिया। अब क्या नरेंद्र मोदी वाली स्थिति ही गौतम अडानी की भी देश में बना रहे है, जो उनके खिलाफ बोलने को भी देश के खिलाफ बोलना कहा जाएगा।

इसी तरह दूसरा सवाल यह है कि ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट यानी ओसीसीआरपी की किसी रिपोर्ट का हवाला देना देश विरोधी कैसे हो गया। यह संस्था तो पूरी दुनिया में भ्रष्टाचार और संगठित अपराध के मामले खोलती है। इसका मतलब है कि संस्था भ्रष्टाचार विरोधी है। तो भ्रष्टाचार विरोधी संस्था भारत विरोधी संस्था कैसे हो गई। संस्था की रिपोर्ट भ्रष्टाचार के खिलाफ है और हम कह रहे हैं कि भारत के खिलाफ है। भाजपा का राहुल गांधी के ऊपर सबसे ज्यादा हमला इस बात को लेकर है कि उन्होंने ओसीसीआरपी की रिपोर्ट का बार बार हवाला दिया है। इस संस्था ने पेगासस से जासूसी का मामला खोला था और अडानी समूह द्वारा शेयर बाजार में हेराफेरी का भी खुलासा किया था। संस्था ने जो खुलासा किया उसके मेरिट पर बात करने की बजाय सरकार संस्था की साख पर सवाल उठा रही है। बहरहाल, राहुल गांधी इस संस्था की रिपोर्ट का हवाला देकर सरकार को कठघरे में खड़ा कर रहे हैं तो उनके एजेंडे पर सवाल उठाया जा रहा है और उनको देश विरोधी बताया जा रहा है। लेकिन ऐसा नहीं है कि वे यह मुद्दा नहीं उठाएंगे तो दुनिया इसके बारे में नहीं जानेगी। ओसीसीआरपी वैश्विक संस्था है, जिसमें दुनिया भर के पत्रकार जुड़े हैं यह रिपोर्ट दुनिया भर में देखी जाती है। इसका मतलब है कि राहुल गांधी मुद्दा नहीं भी उठाएं तब भी दुनिया के लोग जानेंगे कि भारत में क्या हो रहा है। वैसे राहुल गांधी ने अपना एजेंडा साफ कर दिया है। उन्होंने साफ कहा है कि वे कारोबार विरोधी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वे एकाधिकारवाद के विरोधी हैं यानी दो चार लोगों के हाथ में सब कुछ सौंप देने का वे विरोध करते हैं। राहुल ने यह भी कहा कि अच्छे और ईमानदार उद्योगपति उनसे मिलते हैं तो उनकी बातों से सहमत होते हैं। उन्होंने कहा कि एकाधिकारवादी पूंजीपति राष्ट्रीय संस्थाओं के लिए ठीक नहीं हैं, प्रतिस्पर्धा के लिए ठीक नहीं हैं और छोटे उद्यमियों के लिए भी ठीक नहीं हैं।

# आईटी और डिजिटल नवाचार में आगे बढ़ता मध्यप्रदेश

//सोनिया परिहार//

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में, आईटी और डिजिटल नवाचार के क्षेत्र में मध्यप्रदेश हर दिन नए आयाम स्थापित कर रहा है। आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करते हुए, प्रदेश ने अपने शासकीय विभागों और नागरिकों के लिए तकनीकी प्रगति और डिजिटल सुविधाओं का ऐसा सिस्टम विकसित किया है, जो पूरे देश के लिए एक मिसाल बन गया है। राज्य डिजिटल भारत के सपने को साकार करते हुये डिजिटल क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर है। इसमें मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रोनिक विकास निगम (एमपीएसईडीसी) और मध्यप्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी) अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं।**

म.प्र. में विकसित सॉफ्टवेयर ने देश में बनाई पहचान-मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एमपीएसईडीसी) के अगुवाई में प्रदेश ने डिजिटल प्रौद्योगिकी में कई उल्लेखनीय कदम उठाए हैं। संपदा 2.0 और साइबर तहसील जैसे प्लेटफॉर्म नागरिक सेवाओं को सरल बना रहे हैं और राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश की पहचान को भी मजबूत कर रहे हैं। संपदा 2.0 ने संपत्ति पंजीकरण की प्रक्रिया को डिजिटल बनाकर ई-पंजीकरण, ई-स्टाम्प, स्टाम्प शुल्क की गणना और दस्तावेज़ खोज जैसे कार्यों को घर बैठे संभव बनाया गया है। साइबर तहसील ने राजस्व न्यायालयों की प्रक्रियाओं को पारदर्शी और सुव्यवस्थित करते हुए भ्रष्टाचार को कम करने और जनता को त्वरित सेवाएं प्रदान करने का सफल प्रयास किया गया है।

0-निवेश और स्टार्ट-अप्स को प्रोत्साहन-सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), सूचना प्रौद्योगिकी-सक्षम सेवाएँ (आईटीईएस), इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिज़ाइन और विनिर्माण (ईएसडीएम) और डेटा केंद्रों की परिवर्तनकारी क्षमता को स्वीकार करते हुए, राज्य में दूरदर्शी आईटी, आईटीईएस और ईएसडीएम निवेश प्रोत्साहन नीति 2023 बनाई गई है। राज्य के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के लिए यह नीति डिज़ाइन की गई है। जबलपुर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस पॉलिसी के दिशा निर्देश लॉन्च किए थे। नीति में निवेशकों को वित्तीय और गैरवित्तीय सहायता प्रदान करने के प्रावधान किए गए है। सभी वित्तीय सहायता, आवश्यक अनुमतियाँ, अनुमोदनों, आवेदनों और किसी भी अन्य संबंधित प्रक्रियाओं के लिए पूर्ण रूप से डिजिटल सिंगल विंडो सिस्टम भी बनाया गया है। राज्य के युवाओं को स्वरोजगार के लिये प्रोत्साहित करने और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए स्टार्ट-अप नीति-2022 लागू है।

राज्य में एवीजीसी नीति-2024 भी लागू की जा रही है, जिससे एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स (एवीजीसी) क्षेत्र में नई संभावनाओं का द्वार खुला है। राज्य में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सुरक्षा आदि को ध्यान में रखते हुए ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर नीति 2024 भी तैयार की गई है।

0-विकसित डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर :वर्तमान में प्रदेश में 2 हजार से अधिक आईटी/आईटीईएस एवं ईएसडीएम इकाइयां कार्यरत हैं, जिनमें एमपीएसईडीसी में पंजीकृत 650 इकाइयां हैं, जिन्हें राज्य की नीतियों का लाभ मिला है। इन इकाइयों का टर्न ओवर 10 हजार करोड़ रुपए प्रतिवर्ष से अधिक है। देश की 50 से अधिक बड़ी आईटी एवं आईटीईएस इकाइयां मध्यप्रदेश में स्थापित हैं। प्रदेश से हर वर्ष 500 मिलियन डॉलर का निर्यात आईटी से जुड़ी कंपनियों के माध्यम से होता है। राज्य में 5 आईटी स्पेशल इकोनॉमिक जोन हैं। राज्य सरकार द्वारा 15 आईटी पार्क बनाए गए हैं, जिनसे डेढ़ लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। राज्य में 1200 से अधिक तकनीकी स्टार्ट-अप स्थापित हैं, जिनमें से दो नीव क्लाउड और शॉप किराना यूनिकॉर्न कंपनी हैं।

0-आईटी/आईटीएस/ईएसडीएम और डेटा सेंटर क्षेत्र में बढ़ता निवेश-राज्य में निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए आयोजित रीजनल इंडस्ट्री कॉनक्लेव और इंटरैक्टिव सेशन में आईटी/आईटीएस/ईएसडीएम और डेटा सेंटर क्षेत्र में निवेशकों ने विशेष उत्साह दिखाया। इस क्षेत्र में निवेश से रोजगार से नए अवसर सृजित होंगे। सागर में 1700 करोड़ से अधिक निवेश से डेटा स्थापित किया जा रहा है। बेंगलुरु में आयोजित इंटरएक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट के दौरान, एमपीएसईडीसी ने भारतीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सेमीकंडक्टर संघ,, इलेक्ट्रॉनिक इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ऑफ इंडिया, एसोसिएशन ऑफ जिओस्पेशल इंडस्ट्रीज और टाई ग्लोबल जैसे प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय उद्योग संघों के साथ समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। जबलपुर, नर्मदापुरम, मुंबई, कोयंबटूर, बेंगलुरु में कई बड़ी कंपनियों से करोड़ों के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। यूके-जर्मनी से एसआरएएम-एमआरएएम ग्रुप द्वारा 25000 करोड़ रूपये निवेश से सेमी कंडक्टर और साइंस टेक्नोलॉजी पार्क विकसित करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ।

0-जीआईएस तकनीक का बढ़ता उपयोग-राज्य में जियोग्राफिक इन्फार्मेशन सिस्टम (जीआईएस) तकनीक का भी व्यापक उपयोग हो रहा है। 5त्र के लिए योजना, अनुमोदन और जीआईएस आधारित सेवाएं प्रदान करने के लिए गति-शक्ति संचार पोर्टल विकसित किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में पीने के पानी की आपूर्ति के लिए सर्वेक्षण, निगरानी और कार्यान्वयन के लिए जल रेखा जैसे पोर्टल कार्य कर रहे है। जीआईएस द्वारा तैयार किये गये लोकपथ मोबाइल ऐप और वेब एप्लिकेशन से पूरे राज्य में सड़कों से संबंधित शिकायतों को दर्ज करने एवं उनके निराकरण को मॉनिटर करने की सुविधा दी जा रही है।

0-शोध और शिक्षा के क्षेत्र में नया अध्याय-मध्यप्रदेश विज्ञान और प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी) के अंतर्गत राज्य में विज्ञान और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। उज्जैन तारामंडल में 3डी-4य प्रोजेक्शन सिस्टम का अपग्रेडेशन और वराह मिहिर खगोलीय वेधशाला डोंगला का ऑटोमेशन इस दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियां हैं।

0-प्रशासनिक डिजिटलीकरण और पारदर्शिता-सरकार ने ई-एचआरएमएस पोर्टल और अन्य डिजिटल मंचों के जरिए मानव संसाधन और सरकारी प्रक्रियाओं को डिजिटाइज्ड किया है। मुख्यमंत्री प्रगति पोर्टल ने विभिन्न योजनाओं और निर्माण कार्यों की रियल-टाइम मॉनिटरिंग को सुगम बनाया है।

आईटी क्षेत्र में विगत एक वर्ष में प्राप्त उपलब्धियों ने डिजिटल प्रौद्योगिकी से प्रशासनिक दक्षता बढ़ाई है और नागरिकों के जीवन को भी सरल और सुविधाजनक बनाया है। इन नवाचारों ने राज्य को आईटी निवेशकों के लिए एक आदर्श स्थान बना दिया है। प्रदेश डिजिटल भारत के सपने को साकार करते हुये वैश्विक आईटी मानचित्र पर अपनी अलग पहचान स्थापित कर रहा है।

## तस्वीरों की दुनिया

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और सुदेश धनखड़ का ग्वालियर आगमन पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने स्वागत किया।

दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और लेखिका जैस्मीन शाह नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में द दिल्ली मॉडल ए बोल्ड न्यू रोड मैप द बिल्डिंग ए डैक्लाड इंडिया नामक पुस्तक के विमोचन के दौरान।

भाजपा पार्षद कुसुम लता के पति रमेश पहलवान आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की मौजूदगी में पार्टी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आम आदमी पार्टी में शामिल हुए।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में सरदार वल्लभभाई पटेल की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का नागपुर पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

नई दिल्ली के लोधी गार्डन में एक भारत, हम भारत पदयात्रा में भाग लेते प्रतिभागी।

# जाकिर हुसैन का 73 साल की उम्र में निधन

**मुंबई, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

मौसिकी की दुनिया में जिनके तबले की थाप एक अलहदा पहचान रखती है, वो उस्ताद जाकिर हुसैन नहीं रहे। 73 साल की उम्र में उनका निधन हो गया। अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को के अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। प्रसिद्ध तबला वादक के परिवार ने सोमवार को यह जानकारी दी। परिवार ने बयान में कहा कि जाकिर हुसैन का निधन फेफड़े से संबंधी इडियोपैथिक पल्मोनरी फाइब्रोसिस से हुई जटिलताओं की वजह से हुई। वह 73 वर्ष के थे। हुसैन पिछले दो सप्ताह से अस्पताल में भर्ती थे। उनकी हालत बिगड़ने के बाद उन्हें आईसीयू में भर्ती किया गया था।प्रसिद्ध तबला वादक उस्ताद अल्ला रक्खा के पुत्र जाकिर हुसैन का जन्म नौ मार्च 1951 को हुआ था। उन्हें उनकी पीढ़ी के सबसे महान तबला वादकों में माना जाता है। उनके परिवार में उनकी पत्नी एंटोनिया मिनेकोला और उनकी बेटियां अनीशा कुरैशी और इसाबेला कुरैशी हैं। तबले की तालीम उन्होंने पिता से ही ली थी। उस्ताद जाकिर हुसैन की शख्सियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने महज 11 साल की उम्र में अमेरिका में पहला कॉन्सर्ट किया। यानी तकरीबन 62 साल तक उनका और तबले का साथ नहीं छूटा। उन्होंने तीन ग्रैमी अवॉर्ड जीते। पद्म विभूषण से भी नवाजे गए। तबले को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठा दिलाने में उनका अहम योगदान रहा।परिवार की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि वह दुनिया भर के अनगिनत संगीत प्रेमियों द्वारा संजोई गई एक असाधारण विरासत छोड़ गए हैं, जिसका प्रभाव आने वाली पीढ़ियों तक बना रहेगा। हुसैन के निधन के बारे में जानकारी मिलते ही मशहूर हस्तियों ने सोशल मीडिया पर शोक व्यक्त किया। जब तबले का जिक्र आता है तो सबसे बड़े नामों में उस्ताद जाकिर हुसैन का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। उन्होंने न सिर्फ अपने पिता उस्ताद अल्ला रक्खा खां की पंजाब घराने (पंजाब बाज) की विरासत को आगे बढ़ाया, बल्कि तबले के शास्त्रीय वादन को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ले गए। उस्ताद को संगीत की दुनिया का सबसे बड़ा ग्रैमी अवॉर्ड 1992 में द प्लेनेट ड्रम और 2009 में ग्लोबल ड्रम प्रोजेक्ट के लिए मिला। इसके बाद 2024 में उन्हें तीन अलग-अलग संगीत एलबमों के लिए एकसाथ तीन ग्रैमी मिले। 1978 में जाकिर हुसैन ने कथक नृत्यांगना एंटोनिया मिनीकोला से शादी की थी। उनकी दो बेटियां हैं, अनीसा कुरैशी और इसाबेला कुरैशी। 1983 में जाकिर हुसैन ने फिल्म हीट एंड डस्ट से अभिनय के क्षेत्र में कदम रखा। इसके बाद 1988 में द परफेक्ट मर्डर, 1992 में मिस बैटीज चिल्डर्स और 1998 में साज फिल्म में भी उन्होंने अभिनय किया।उस्ताद जाकिर हुसैन तबले को हमेशा आम लोगों से जोड़ने की कोशिश करते थे।

## मैंने कहा था न कि मिडिल ईस्ट में... गोलान हाइट्स में दोगुना आबादी बढ़ाने की योजना, नेतन्याहू सरकार ने दी मंजूरी

**यरुशलम।** इजरायली कैबिनेट ने रविवार को सर्वसम्मति से गोलान हाइट्स में बसने वालों की आबादी को दोगुना करना वाली योजना को मंजूरी दे दी है। टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट के मुताबिक, गोलन हाइट्स के इजरायली नियंत्रित हिस्से में लगभग 50,000 लोग रहते हैं, जो यहूदियों और ड्रूज के बीच समान रूप से विभाजित हैं। इस योजना के तहत इजरायल 40 मिलियन शेकेल (11 मिलियन डॉलर) का निवेश करेगा, जिससे शिक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा, नए निवास और एक छात्र गांव के विकास को बढ़ावा दिया जाएगा।नेतन्याहू के कार्यालय ने कहा कि सरकार ने क्षेत्र के जनसांख्यिकीय विकास को सर्वसम्मति से मंजूरी दी है, जो वहां इजरायल आबादी को दोगुना करने की कोशिश करेगा।उन्होंने कहा कि यह पैसा शिक्षा, नवीकरणीय ऊर्जा, एक छात्र गांव की स्थापना और नए निवासियों को समायोजित करने की योजना पर खर्च किया जाएगा। बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बयान में कहा,गोलान को मजबूत करना इजरायल राज्य को मजबूत करना है, और यह इस समय विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। हम इसे पकड़ना जारी रखेंगे, इसे खिलने देंगे, और इसमें बसेंगे। इजराइल ने 1967 में सीरिया से गोलान पर विजय प्राप्त की और 1981 में इसे अपने कब्जे में ले लिया। हालांकि दुनिया के अधिकांश लोग इस क्षेत्र पर इजरायल के नियंत्रण को मान्यता नहीं देते हैं, लेकिन टाइम्स ऑफ इजरायल के अनुसार, अमेरिका ने 2019 में इसे मान्यता प्रदान की।नेतन्याहू ने एक वीडियो पोस्ट करते हुए कहा, मैंने कहा था कि हम मध्य पूर्व को बदल देंगे और यही हो रहा है।

## मुस्लिम आबादी में घरों के आगे गरजा बुलडोजर, लोग खुद ही तोड़ने लगे अवैध निर्माण, तैनात रहा भारी पुलिस बल

**संभल, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

दीपासराय क्षेत्र में अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन का सख्त रुख जारी है। नगर पालिका की टीम ने बुलडोजर की मदद से घरों के आगे बने नालियों और सड़कों पर अवैध रूप से बनाए गए स्लैब और सीढ़ियों को ढहा दिया। इस कार्रवाई में कुछ स्थानीय लोग भी प्रशासन का सहयोग करते हुए अपने घरों के आगे के निर्माण खुद तोड़ते नजर आए। वहीं, कुछ स्थानीय निवासियों ने इसे कठोर कदम बताते हुए असंतोष जताया। इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात रहा। नगर पालिका की ओर से नालों और सड़क किनारे अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ अतिक्रमण हटाने की मुहिम लगातार तेज हो रही है। पालिका ने दीपा सराय के हिंदूपुरा खेड़ा और मोहल्ला मियां सराय इलाकों में नाली और सड़क किनारे किए गए अवैध स्लैब को हटाने के लिए रविवार को बुलडोजर कार्रवाई शुरू की। नगर पालिका की टीम ने कई घरों के आगे बनाए गए स्लैब और सीढ़ियों को बुलडोजर से तोड़ा, जो सार्वजनिक जगह पर अवैध कब्जे के अंतर्गत आते थे। कार्रवाई के दौरान प्रशासन ने पहले ही चेतावनी दी थी।

जिन लोगों ने चेतावनी के बावजूद भी अपने निर्माण नहीं हटाए, उनके खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए बुलडोजर से नालियों के ऊपर बने स्लैब और मकानों की सीढ़ियों को ध्वस्त कर दिया गया। वहीं, कुछ लोगों ने स्वेच्छा से अपने घरों के बाहर बनी सीढ़ियों और स्लैब को खुद तोड़कर सहयोग किया। अतिक्रमण हटाने के साथ-साथ प्रशासन ने बिजली चेकिंग अभियान भी इस क्षेत्र में जारी है। अवैध कनेक्शन और बिजली चोरी के मामलों को पकड़ने के लिए अधिकारी क्षेत्र में सक्रिय हैं। अधिकारियों का कहना है कि अतिक्रमण हटाने का यह अभियान दीपा सराय तक सीमित नहीं रहेगा। शहर के अन्य हिस्सों में भी इस तरह की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अपील की है कि वे सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी तरह का अवैध निर्माण न करें। नालों और सड़कों पर किए गए अवैध निर्माण यातायात में बाधा डालने के साथ-साथ जल निकासी की समस्या भी पैदा करते हैं।

## वो नई सांसद हैं इसलिए... प्रियंका गांधी को लेकर ऐसा क्यों बोले केंद्रीय मंत्री रिजिजू? राहुल गांधी को भी घेरा

**नईदिल्ली, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण को बोरिंग बताने पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि वह नई-नई सांसद निर्वाचित हुई हैं, इसलिए वह प्रधानमंत्री के गूढ़ अर्थ वाली बातों को नहीं समझ पाई हैं। संसदीय कार्यमंत्री ने कहा कि पीएम मोदी ने तथ्य बताएं हैं, अपनी राय नहीं दी है। रिजिजू ने रविवार को बताया कि भले ही प्रियंका जी को यह बाते समझ में नहीं आई हों, लेकिन हम सभी सांसदों को देश के प्रधानमंत्री का आदर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गांधी भाई-बहन यानी राहुल गांधी और प्रियंका गांधी एक ऐसे परिवार से हैं कि वह इतिहास से बच नहीं सकते।वह इस बात से नहीं बच सकते कि किस तरह नेहरु-गांधी खानदान ने अपने राजनीतिक लाभ के लिए संविधान के प्रविधानों से समझौता किया है। इसलिए मैं यह बात और ज्यादा स्पष्ट तरीके से नहीं कह सकता जो प्रधानमंत्री मोदी पहले ही कह चुके हैं। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण को उबाऊ और कुछ नया या सकारात्मक नहीं होना बताया था।भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ नेता उमर अब्दुल्ला द्वारा ईवीएम पर आईएनडीआईए की अपनी सहयोगी पार्टी कांग्रेस की आपत्ति को सिरे से खारिज करने के मुद्दे पर मुख्य विपक्षी पार्टी और राहुल गांधी पर निशाना साधा।

भाजपा आईटी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने एक्स पर लिखा, अब जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने ईवीएम मुद्दे पर कांग्रेस और राहुल गांधी को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस के जीतने पर ईवीएम अच्छी और हारने पर खराब नहीं हो सकती। राहुल गांधी लगातार हारे हुए व्यक्ति की तरह दिख रहे हैं, जिनके साथ कोई खड़ा नहीं होना चाहता।

## बांग्लादेश में मचे बवाल के बीच कोलकाता पहुंचा प्रतिनिधिमंडल, विजय दिवस समारोह में होगा शामिल

**कोलकाता।** बांग्लादेश में कई महीनों से जारी उथल-पुथल और अल्पसंख्यक हिंदुओं पर जारी अत्याचार के बीच 53वें विजय दिवस समारोह में भाग लेने बांग्लादेशी सैन्य अधिकारियों व मुक्ति योद्धाओं (स्वतंत्रता सेनानियों) का एक नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल रविवार शाम कोलकाता पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल 16 दिसंबर, सोमवार को यहां भारतीय सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय फोर्ट विलियम में होने वाले वार्षिक विजय दिवस समारोह में शामिल होंगे।हर साल 16 दिसंबर को विजय दिवस पर यहां पूर्वी सेना कमान द्वारा आयोजित होने वाले समारोह में बांग्लादेश मुक्ति योद्धाओं, उनके परिवार के सदस्य और वहां के सैन्य अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल शामिल होते रहे हैं। यह परंपरा 1971 के भारत-पाक युद्ध में बांग्लादेश की स्वतंत्रता के बाद से ही चली आ रही है। ये वो मुक्ति योद्धा हैं, जिन्होंने 1971 में पूर्वी पाकिस्तान की आजादी के लिए भारतीय सेना के साथ मिलकर लड़ाई लड़ी थी। हालांकि इस साल मात्र नौ सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ही विजय दिवस में भाग लेने आए हैं। पहले यह संख्या 70 से 72 होती थी। बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व ब्रिगेडियर जनरल मोहम्मद अनिनूर रहमान कर रहे हैं। कोलकाता पहुंचने पर बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल का पूर्वी सेना कमान के अधिकारियों ने स्वागत किया। सोमवार को फोर्ट विलियम में विजय स्मारक पर सुबह सबसे पहले 1971 युद्ध के बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। समारोह में बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल के साथ 1971 के युद्ध में भाग लेने वाले भारतीय सशस्त्र बलों के दिग्गज भी शामिल होंगे। पूर्वी कमान ने अपने एक्स हैंडल पर तस्वीर साझा करते हुए लिखा, नौ सदस्यीय बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए मुझे गर्व महसूस हो रहा है। कोलकाता में उनका आगमन एक महत्वपूर्ण अवसर है, क्योंकि हम विजय दिवस मनाने के लिए एकजुट हैं। यह स्थाई मित्रता और साझा इतिहास का प्रमाण है। 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर मिली ऐतिहासिक विजय की याद में हर साल पूर्वी सेना कमान द्वारा कोलकाता में विजय दिवस समारोह बड़े धूमधाम से मनाया जाता है।

## तीन बार गर्भपात, नमाज पढ़ने का दबाव, लव जिहाद में फंसी युवती ने सुनाई दर्दनाक कहानी

**गोपालगंज, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

लव जिहाद में फंसी हिंदू युवती द्वारा शुक्रवार को गोपालगंज के नगर थाने में प्राथमिकी कराने के बाद उसकी भयावह आपबीती सामने आई है। सदर एसडीपीओ प्रांजल ने बताया कि पुलिस ने शनिवार को पीड़ित युवती की स्वास्थ्य जांच कराई है। पुलिस युवती के सभी आरोपों की जांच कर रही है। एक टीम आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। युवती के अनुसार मुस्लिम युवक समीर सहगल उर्फ तबरेज ने नाम बदलकर उसे प्रेमजाल में फंसाया। वह स्कूल संचालक था, उसने उच्च शिक्षा दिलाने का झांसा दिया और उसे बंगाल ले

गया, वहां उसके साथ दुष्कर्म कर डाला।इसकी अश्लील तस्वीर मोबाइल में कैद कर ली और भयादोहन करते हुए कई बार दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। जब उसके धर्म के बारे में पता चला तो वह विरोध करने लगी। इस दौरान वह तीन बार गर्भवती हुई।वह बार-बार मतांतरण करने को कहता, जब उसने अस्पताल में अपना नाम आलिसा खातून लिखवाया, तब उसका गर्भपात कराया। पिछले दिनों वह बंगाल से उसे लेकर गोपालगंज के जंगलिया वार्ड संख्या 18 में किराये के घर में आ गया। वहां उसका जबरन मतांतरण कराने का प्रयास युवक व उसके स्वजन करने लगे। नमाज अदा करने व कुरान पढ़ने का दबाव बनाया जाने लगा तो उसने इसका विरोध किया।

इसके बाद उसे एक कमरे में बंदकर दिया गया। उसे खाना भी नहीं दिया जा रहा था। यातनाओं से तंग आकर वह बीते शुक्रवार को चोरी छिपे कमरे से बाहर निकलकर नगर थाना पहुंची और पुलिस को पूरी घटना की जानकारी दी।

## राम मंदिर की तर्ज पर अमेरिका में बनेगा भव्य मंदिर इतने दिन में पूरा होगा निर्माण का पहला चरण

**तिरुवनंतपुरम, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

अयोध्या के राम मंदिर की तर्ज पर अमेरिका में एक भव्य मंदिर का निर्माण होगा। ह्यूस्टन के पियरलैंड में स्वामी सत्यानंद सरस्वती फाउंडेशन वैश्विक हिंदू समुदाय के लिए पांच एकड़ क्षेत्र में फैले विशाल मंदिर का निर्माण कराएगा। केरल हिंदूज आफ नार्थ अमेरिका कांफ्रेंस के एक हिस्से के रूप में, फाउंडेशन का लक्ष्य 23 नवंबर, 2025 को एक शक्तिशाली, दिव्य स्थान पर बलालया प्रतिष्ठा समारोह आयोजित करना है। मंदिर निर्माण का पहला चरण 24 नवंबर, 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है।नया मंदिर प्रसिद्ध श्रीमीनाक्षी मंदिर के सामने स्थित होगा। मंदिर निर्माण की आधिकारिक घोषणा अटुकल थंत्री वासुदेव भट्टथिरी के नेतृत्व में प्रार्थना के साथ एक समारोह के दौरान की गई। पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर समेत कई गणमान्य लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए।इस परियोजना का उद्देश्य आध्यात्मिक एकता को बढ़ावा देना, सांस्कृतिक विरासत की रक्षा करना और वैश्विक हिंदू समुदाय को सशक्त बनाना है। फाउंडेशन के अधिकारियों ने यह भी कहा कि कई लोगों ने जीवन में एक बार मिलने वाले इस अवसर के लिए समर्थन व्यक्त किया है। अमेरिका में एक बड़ी हिंदू आबादी रहती है।

## बांग्लादेश में लोगों को गायब करवा रहीं शेख हसीना यूनुस सरकार का आरोप- 3500 से ज्यादा हो चुके लापता

**ढाका, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

बांग्लादेश की पूर्व पीएम शेख हसीना पर आरोप लगे हैं कि वो बांग्लादेश में लोगों को गायब करने में शामिल हैं। बांग्लादेश में अंतरिम सरकार द्वारा गठित एक जांच आयोग ने कहा है कि उसे सबूत मिले हैं कि बांग्लादेश में लोगों को गायब होने के पीछे अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके शासन के शीर्ष सैन्य और पुलिस अधिकारी हैं। Bangladesh में जबरन गायब करने की घटनाओं की जांच करने वाले पांच सदस्यीय आयोग ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री मुहम्मद यूनुस के मुख्य सलाहकार को सत्य का खुलासा शीर्षक से एक अंतरिम रिपोर्ट सौंपी। आयोग ने अनुमान लगाया कि देशभर में 3500 से अधिक जबरन गायब करने की घटनाएं हुई हैं।रिपोर्ट में कहा गया है कि शेख हसीना के रक्षा सलाहकार मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) तारिक अहमद सिद्दीकी, राष्ट्रीय दूरसंचार निगरानी केंद्र के पूर्व महानिदेशक और बखॉस्त मेजर जनरल जियाउल अहसानंद, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मोनिरुल इस्लाम और मोहम्मद हारुन-ओर-रशीद और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी उन घटनाओं में शामिल पाए गए।उधर, पूर्व सैन्य और पुलिस अधिकारी भी फरार हैं, माना जा रहा है कि वो हसीना की अवामी लीग सरकार के गिरने के बाद विदेश भाग गए हैं।आयोग के अध्यक्ष और सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश मैनुल इस्लाम चौधरी ने यूनुस सरकार को बताया कि जांच के दौरान उन्हें एक व्यवस्थित डिजाइन मिला, जिसने जबरन गायब होने की घटनाओं को अनदेखा कर दिया।चौधरी ने कहा कि जबरन गायब करने वाले व्यक्तियों को पीड़ितों के बारे में जानकारी नहीं थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि पुलिस की रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) ने पीड़ितों को पकड़ने, प्रताड़ित करने और हिरासत में रखने का काम किया है। आयोग ने आतंकवाद-रोधी अधिनियम 2009 को खत्म करने या उसमें व्यापक संशोधन करने के साथ-साथ आरएबी को खत्म करने का प्रस्ताव रखा। आयोग के सदस्य सज्जाद हुसैन ने कहा कि उन्होंने जबरन गायब किए जाने की 1676 शिकायतें दर्ज की हैं और अब तक उनमें से 758 की जांच की है। इनमें से 200 लोग कभी वापस नहीं लौटे जबकि जो वापस लौटे उनमें से ज्यादातर को रिकॉर्ड में गिरफ्तार दिखाया गया।

## बांग्लादेशियों के लिए फर्जी पासपोर्ट बनाने का गोरखधंधा, पुलिस ने किया भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**कोलकाता, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर अत्याचार के बीच कोलकाता पुलिस ने रविवार को महानगर में बांग्लादेशियों के लिए फर्जी पासपोर्ट बनाने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ किया। इसके साथ ही सरगना समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है।पुलिस को शुरुआती जांच में पता चला है कि सरगना समरेश विश्वास व दीपक मंडल ने अब तक 250 से अधिक फर्जी पासपोर्ट बनाए हैं। एक

पासपोर्ट बनाने के लिए दो लाख रुपये तक लेते थे। भवानीपुर थाने में एक शिकायत के आधार पर पुलिस को सूचना मिली कि महानगर में फर्जी पासपोर्ट बनाए जा रहे हैं।कोलकाता पुलिस के एससीओ (सुरक्षा नियंत्रण संगठन) विभाग ने कहा कि यह गिरोह बांग्लादेशी नागरिकों को शुरुआत में फर्जी पहचान पत्र समेत कई दस्तावेज बनाता था। उन सभी दस्तावेज का उपयोग करके फर्जी भारतीय पासपोर्ट बनाया जाता था। दीपक दक्षिण 24 परगना के कोस्टल थाना इलाके का रहने वाला है। वह डाक विभाग में अस्थायी कर्मचारी।वहीं, समरेश विश्वास उत्तर 24 परगना के बारासात का रहने वाला है। आरोप है कि वह अपने बेटे रिपन बिस्वास के साथ मिलकर फर्जी पहचान पत्र और पासपोर्ट बनाता था। रिपन को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। दोनों को अलीपुर अदालत में पेश किया गया, जहां न्यायाधीश ने 20 दिसंबर तक उन्हें पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया।

## बुलडोजर से तोड़ा जा रहा था अतिक्रमण, घर में 25 सिलेंडर देख उड़ गए अधिकारियों के होश, मकान मालिक बोला- इनका इस्तेमाल

**संभल, 16 दिसम्बर [एजेंसी]।**

नखासा थाना क्षेत्र के हिंदूपुरा खेड़ा में अतिक्रमण की कार्रवाई के दौरान आपूर्ति विभाग को एक मकान में 25 सिलेंडर होने की सूचना मिली। विभाग के अधिकारियों मौके पर पहुंचे तो एक साथ इतने सिलेंडर देखकर दंग रह गए। इन सिलेंडरों में 23 खाली और दो भरे हुए मिले। अधिकारियों ने मकान स्वामी से इसकी जानकारी तो वह कोई संतोष जवाब नहीं दे सका। आपूर्ति निरीक्षक ने सभी सिलेंडरों को जब्त कर लिया और कार्रवाई करने की बात कही। दरअसल, रविवार को हिंदूपुरा खेड़ा में अतिक्रमण हटाओ अभियान की कार्रवाई की जा रही थी। बुलडोजर की मदद से मकानों के आगे बने अवैध स्लैब और सीढ़ियों को तोड़ा जा रहा था। इस दौरान आपूर्ति विभाग को एक घर में बड़ी मात्रा में सिलेंडर होने की जानकारी मिली। सूचना पर आपूर्ति निरीक्षक सजन लाल अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। घर में 25 सिलेंडर देखकर विभागीय अधिकारियों के होश उड़ गए।

इनमें से 23 सिलेंडर खाली और दो भरे हुए पाए गए। मौके पर मकान स्वामी हाजी रफ्फान से सिलेंडरों के बारे में पूछताछ की गई। उन्होंने बताया कि घर में शादी का आयोजन था। वैवाहिक कार्यक्रम में इन सिलेंडरों का उपयोग किया गया था। अधिकारियों ने सिलेंडर से संबंधित दस्तावेज दिखाने को कहा तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इसके बाद टीम ने सभी सिलेंडरों को जब्त कर लिया। साथ ही दस्तावेज दिखाने पर वापस करने और 3/7 की कार्रवाई करने की बात कही। आपूर्ति निरीक्षक सजन लाल ने बताया कि सिलेंडरों का इतनी बड़ी मात्रा में घर में रखा जाना नियम उल्लंघन की श्रेणी में आता है। इतनी बड़ी संख्या में सिलेंडरों का जमा होना आसपास के लोगों के लिए भी खतरा बन सकता है।

# सर्दियों में त्वचा पर होने वाली खुजली को शांत कर सकते हैं ये 5 घरेलू नुस्खे

सर्दियों के मौसम में ठंडी हवा चलती है, जो हमारी त्वचा को रूखा और शुष्क बना देती है। इसके कारण त्वचा पर खुजली होने लगती है और त्वचा छिलने भी लगती हैं।इस समस्या से निपटने के लिए त्वचा को महज मॉइस्चराइज करना काफी नहीं होता है। सर्दी के दौरान त्वचा की देखभाल करते हुए खुजली को मिटाने के लिए आपको ये 5 घरेलू नुस्खे अपनाने चाहिए।इनके जरिए आपकी त्वचा अंदरूनी तौर पर मॉइस्चराइज भी हो जाएगी।

ओट्स वाले पानी से नहाएं

आप त्वचा पर होने वाली खुजली को शांत करने के लिए ओट्स वाले पानी से नहा सकते हैं। इस खाद्य पदार्थ में प्राकृतिक एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं, जो त्वचा की समस्याओं को ठीक कर सकते हैं।पानी को गर्म करने के बाद उसमें ओट्स डालें और कुछ देर उबलने दें। जब पानी गुनगुना हो जाए, तो उससे नहा लें।ओट्स के एंटी-ऑक्सीडेंट गुण त्वचा पर एक सुरक्षात्मक परत बना देते हैं, जिसके कारण त्वचा नमी युक्त बन जाती है।

नारियल तेल लगाएं

कई लोग सर्दियों के मौसम में त्वचा को मॉइस्चराइज करने के लिए क्रीम की जगह नारियल तेल का इस्तेमाल करते हैं। इस पदार्थ के जरिए आप त्वचा पर होने वाली खुजली को भी शांत कर सकते हैं।यह एक प्राकृतिक इमोलिएंट होता है, जो शुष्क त्वचा को हाइड्रेशन प्रदान करता है। साथ ही, इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण भी पाए जाते हैं।नहाने के तुरंत बाद नारियल तेल इस्तेमाल करें या उससे त्वचा की मालिश करें।

एलोवेरा जेल भी आएगा काम

एलोवेरा के पौधे से निकलने वाले ताजे जेल को लोग सदियों से त्वचा की देखभाल के लिए उपयोग करते हैं। इसे लगाने से त्वचा की सूजन दूर करने, शुष्कता मिटाने और खुजली को कम करने में मदद मिल सकती है।एलोवेरा जेल को अपनी त्वचा पर लगाएं और उसे अच्छी तरह से अवशोषित होने दें। आप बाजार में मिलने वाले एलोवेरा जेल से बने उत्पाद भी इस्तेमाल कर सकते हैं।सर्दियों में संवेदनशील त्वचा की देखभाल करने के तरीके।

नहाने के लिए गुनगुने पानी का करें इस्तेमाल

सर्दियों में लोग गर्म पानी से नहाते हैं, जो त्वचा को शुष्क बनाने में योगदान देता है। ऐसे में त्वचा के प्राकृतिक तेलों को बनाए रखने के लिए आपको गर्म पानी के बजाय गुनगुने पानी से नहाना चाहिए।इसके अलावा, नहाने के समय को भी कम करें और उसके लिए केवल 10 से 15 मिनट ही लें। इससे आपकी त्वचा पानी के सुखाने वाले प्रभाव के संपर्क में कम समय तक आएगी, जिससे नमी बनाए रखने में मदद मिलेगी।

साबुन की जगह उपयोग करें सौम्य क्लींजर

सर्दियों के दौरान अधिक खुशबू वाले साबुन से नहाना त्वचा की सुरक्षात्मक परत को प्रभावित कर सकता है और खुजली को बढ़ा सकता है।इसीलिए आपको इस मौसम में साबुन की जगह पर किसी सौम्य क्लींजर का इस्तेमाल करना चाहिए। इन क्लींजर का पीएच स्तर हल्का होता है, जो त्वचा के प्राकृतिक तेलों को बनाए रखने में मदद करता है।ऐसा क्लींजर उपयोग करें, जिसमें कोई रसायन न मौजूद हों और जो त्वचा को नमी प्रदान कर सके।

## पुष्पा 2: 1100 करोड़ का आंकड़ा पार

तेलुगू सुपरस्टार अल्लू अर्जुन को गिरफ्तारी के बीच उनकी नई एक्शन फिल्म पुष्पा 2 : द रूल ने बॉक्स ऑफिस पर एक नई उपलब्धि हासिल की है. फिल्म ने हिंदी बॉक्स ऑफिस पर स्टार यश की ब्लॉकबस्टर फिल्म केजीएफ - चैप्टर 2 को पछाड़ दिया है. इसके साथ पुष्पा 2 450 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली सबसे तेज हिंदी फिल्म बन गई है. सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, पुष्पा 2 ने 9वें दिन भारतीय बॉक्स ऑफिस पर सभी भाषाओं में कुल 36.3 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है. हिंदी भाषी बेल्ट में, फिल्म ने 27 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है, जो अन्य भाषाओं के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन से आगे निकल गया. पुष्पा 2 का कुल भारत नेट कलेक्शन 762.1 करोड़ रुपये हो गया है. पुष्पा 2 सबसे तेज 450 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली हिंदी फिल्म बन गई है. 9 दिनों में अल्लू अर्जुन की फिल्म ने हिंदी बॉक्स ऑफिस पर 461 करोड़ रुपये कमाए हैं. इसने 9वें दिन केजीएफ 2 के हिंदी वर्जन (435.33 करोड़ रुपये) को पीछे छोड़ दिया है और 450 करोड़ से सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली तीसरी हिंदी फिल्म बन गई है.

## राज कपूर की 100वीं जयंती पर साड़ी में इतराई आलिया भट्ट, कहा- 'मुड़ मुड़ के ना देख'

बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट ने इंस्टाग्राम पर अपनी नई तस्वीरें साझा करते हुए फैंस को मंत्रमुग्ध कर दिया है. आलिया ने सफेद फूलों वाली खूबसूरत साड़ी पहने अपनी कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं, जो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं. यह पोस्ट उन्होंने दिवंगत अभिनेता और फिल्मकार राज कपूर के 100 साल के जश्न को समर्पित किया है.

आलिया ने तस्वीरों के साथ कैप्शन लिखा, मुड़ मुड़ के ना देख. उनके इस ग्लैमरस लुक पर बॉलीवुड के कई सितारों ने तारीफों की झड़ी लगा दी है. भूमि पेडनेकर ने इसे स्टनिंग कहा, जबकि रिया कपूर ने लवली कहकर प्रतिक्रिया दी.

यह खास पोस्ट राज कपूर के सिनेमा जगत में 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में किया गया है. आलिया ने इस तस्वीर के जरिए अपनी श्रद्धांजलि दी है, जो उनके फैंस और इंडस्ट्री के लिए एक खास संदेश है. कपूर फैमिली इस खास मौके को फिल्म फेस्टिवल की तरह सेलिब्रेट कर रहा है.

फैंस ने आलिया की इन तस्वीरों पर जमकर प्यार बरसाया है. राजकुमार राव और अन्य सेलेब्रिटीज ने भी पोस्ट को लाइक किया है. आलिया का यह अंदाज न केवल राज कपूर को श्रद्धांजलि है बल्कि उनकी क्लासिक और स्टाइलिश साड़ी लुक को भी दर्शाता है.

## स्टाइलिश आउटफिट पहन प्रज्ञा जैसवाल ने कैमरे के सामने दिए सिजलिंग पोज

बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका किलर अवतार इंटरनेट पर आते ही ट्रेंड करने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उनका स्टनिंग अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल हमेशा अपने परफेक्ट फैशन स्टेटमेंट्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका बोल्ड और कातिलाना अंदाज इंटरनेट पर आते ही छा जाता है।

वो जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक को देखकर लाइक्स और

कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने ब्लू कलर की बेहद ही स्टाइलिश फ्रिल्स लुक में ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो अपने परफेक्ट बॉडी कर्व्स फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं।

बालों का स्टाइलिश बन बनाकर और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस प्रज्ञा जैसवाल ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।

बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है। वो जब भी अपनी तस्वीरें फैंस के बीच शेयर करती हैं तो उनकी हर लुक फैंस के बीच ट्रेंड करता है।

प्रज्ञा जैसवाल की इन फोटोज को शेयर हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 48 हजार से भी ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर लाइक्स कर दिए हैं। वहीं, कुछ यूजर्स ने सो हॉट, यू लुक सो ब्यूटिफुल, हॉट एंड गॉर्जियस जैसे कॉमेंट्स किए हैं।

# बालों के लिए फायदेमंद है नारियल तेल, क्या आप जानते हैं हफ्ते में कितने दिन करना चाहिए इस्तेमाल?

जैसे-जैसे सर्दियों का मौसम शुरू होता है, वैसे-वैसे ड्राई स्किन से निपटने की चुनौती भी बढ़ने लगती है. तापमान और आर्द्रता के लेवल में गिरावट के कारण अक्सर त्वचा रूखी, परतदार हो जाती है. इस मौसम में बालों का झड़ना भी काफी कॉमन होता है. लेकिन सिर की त्वचा का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है. विशेषज्ञों के मुताबिक, अगर बालों की जड़ें सही हों तो, बालों के झड़ने की समस्या बहुत कम होती है. ऐसे में नारियल का तेल बालों की समस्याओं का समाधान हो सकता है. विशेषज्ञों का कहना है कि नारियल का तेल बालों को घना, मजबूत और स्कैल्प पर नमी बनाए रखने में मदद करता है. इस खबर में जानिए कि सर्दियों में बालों में नारियल तेल लगाने के क्या-क्या फायदे होते हैं...

जानिए बालों में नारियल तेल लगाने के फायदे

बालों के लिए हीट प्रोटेक्टेंट के रूप में कार्य करता है: नारियल का तेल कई विटामिन, एंटी-ऑक्सीडेंट और आवश्यक फैटी एसिड से भरपूर होता है. जिससे बालों पर अच्छा असर पड़ता है. इसके पोषण गुण बालों को स्वस्थ और पोषित रखते हैं. नारियल तेल से मालिश करने से बालों को प्रदूषण और हिट से बचाया जा सकता है.

बालों को नमीयुक्त रखता है: नमी की कमी के कारण बाल ज्यादा पतले दिखते हैं, इसलिए नारियल का तेल बालों के विकास में मदद करता है. यह आपके बालों को गहराई से मॉइस्चराइज करता है, जिससे वे पहले से अधिक मुलायम और घने दिखते हैं.

बालों को टूटने से बचाता है: स्टाइल और फैशन के चलते बालों में केमिकल प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल किया जाता है, परिणामस्वरूप बालों की गुणवत्ता खराब हो जाती है. इसलिए बालों की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए नारियल तेल का सही तरीके से इस्तेमाल करना बहुत जरूरी है. इसके लिए स्कैल्प पर हल्के हाथों से मसाज करें. मसाज इस तरह से जरूरी है कि तेल बालों की जड़ों तक पहुंचे, इससे बालों के झड़ने की समस्या भी दूर हो जाएगी और बाल कम टूटेंगे.

रूसी को रोकने में मदद करता है: नारियल का तेल एंटी-फंगल और एंटी-माइक्रोबियल गुणों से भरपूर होता है. जिससे डैंड्रफ की समस्या भी दूर हो जाती है. नियमित रूप से तेल लगाने से सिर की त्वचा रूखी नहीं होती है. स्कैल्प के साथ-साथ बाल भी खूबसूरत होते हैं.

नोट: नारियल का तेल बालों के लिए बेहद फायदेमंद होता है विशेषज्ञों के मुताबिक, हफ्ते में दो से तीन दिन इसका इस्तेमाल करने से कई फायदे मिलते हैं

नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के अनुसार, नारियल का तेल हेयर कंडिक्स द्वारा क्षतिग्रस्त बालों की रक्षा करता है.

## रेड 2 की रिलीज तारीख फिर बदली, अजय देवगन ने बताया कब पर्दे पर आएगी फिल्म

अजय देवगन के पास इस समय सीक्वल फिल्मों की भरमार है. ऐसे में उनकी फिल्म रेड के सीक्वल का फैंस पलकें बिछाकर इंतजार कर रहे हैं. पहले रेड 2 इसी साल यानी 2024 में ही रिलीज होने वाली थी. हालांकि मेकर्स ने कई कारणों से फिल्म की रिलीज डेट पोस्टपोन कर दी. लेकिन अब अजय देवगन ने खुद अपनी मोस्ट अवेटेड फिल्म रेड 2 की रिलीज डेट अनाउंस कर दी है.

अजय देवगन ने रेड 2 का एक पोस्टर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है. इसके साथ कैप्शन में उन्होंने लिखा है- आईआरएस अमय पटनायक का अगला मिशन मई 2025 से शुरू! रेड 2, 1 मई 2025 को रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है.रेड 2 को राज कुमार गुप्ता ने पनोरमा स्टूडियो के बैनर तले डायरेक्ट किया है. फिल्म के भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक ने प्रोड्यूस किया है. अजय देवगन एक बार फिर आईआरएस अमय पटनायक के किरदार में लौट रहे हैं. वाणी कपूर और रितेश देशमुख भी फिल्म में अहम भूमिका अदा करते दिखाई देने वाले हैं. अजय देवगन आखिरी बार अपनी हालिया रिलीज फिल्म सिंघम अगेन में नजर आए थे. ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही. अपने भांजे अमन देवगन की डेब्यू फिल्म आजाद में दिखाई देंगे.

## अक्षय कुमार ने लॉन्च किया मोहनलाल की बारोज का ट्रेलर

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार ने मोहनलाल की अपकमिंग फैंटेसी ड्रामा बारोज: गार्डियन ऑफ ट्रेजर का हिंदी ट्रेलर लॉन्च किया. ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अक्षय ने बताया कि उन्होंने मोहनलाल की ज्यादातर फिल्में देखी हैं. जबकि मोहनलाल ने इवेंट में शामिल होने के लिए अक्षय को धन्यवाद दिया. वहीं अक्षय ने भी मोहनलाल की तारीफों के पुल बांधे. इस इवेंट में अक्षय ने मलयालम सुपरस्टार की खूब तारीफ की. उन्होंने कहा, हर किसी की तरह मैं भी मोहन सर का फैन हूं और मैंने उनकी कई फिल्में देखी हैं. मैंने वह फिल्म भी देखी जिसे मेरे सबसे अच्छे दोस्त प्रियदर्शन ने निर्देशित किया था. दृश्यम एक्टर मोहनलाल ने अपने बिजी शेड्यूल से टाइम निकालने और बारोज का हिंदी ट्रेलर लॉन्च करने के लिए अक्षय को धन्यवाद दिया.बारोज में मोहनलाल एक फ्रेंडली भूत के रोल में हैं इस फिल्म से वे निर्देशन में भी कदम रखने जा रहे हैं. ट्रेलर काफी खूबसूरत है यह डिन्नी वर्ल्ड की याद दिलाता है.

## शब्द सामर्थ्य -267

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 266 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

# पेंशन के लिए 4 साल से कार्यालय का चक्कर लगा रही बुजुर्ग महिला

### आंखें बंद किए हुए हैं जिम्मेदार अधिकारी

### महाप्रबंधक से मदद की गुहार लगाई पीड़ित महिला ने

**चरचा कालरी।** राष्ट्रहित में अपनी जान जोखिम में डालकर रात दिन अथक परिश्रम कर अपना खून पसीना एक करने वाले कोयला मजदूरों का दुर्भाग्य है कि जब तक वह काम में रहते हैं तब तक उनकी पूछ परख होती है किंतु सेवानिवृत्ति होते ही कालरी प्रबंधन दूध में पड़ी मक्खी की तरह उन्हें निकाल फेंकता है इसका प्रत्यक्ष प्रमाण 65 वर्षीय बुजुर्ग आदिवासी महिला है जो पेंशन हेतु चरचा कालरी प्रबंधन कार्यालय का चक्कर लगाते लगाते थक गई किंतु कालरी के जिम्मेदार अधिकारियों को जरा भी रहम नहीं आई बुजुर्ग महिला के पति अमोल सिंह पिता दखलसाय चर्चा आर ओ के कर्मचारी थे जो 31 जुलाई 2013 को सेवा निवृत हो गए थे सेवानिवृत होने के पश्चात उन्हें पेंशन मिलता था किंतु 3 जुलाई 2020 को उनका आकस्मिक निधन हो गया पति की मृत्यु के बाद पेंशन हेतु उनकी पत्नी श्रीमती फुल सुंदरी ने तत्कालीन कार्मिक अधिकारियों के पास कई बार गुहार लगाई, बुजुर्ग महिला को अधिकारियों के द्वारा आश्वासन दिया जाता था कि जल्दी ही पेंशन चालू हो जाएगा किंतु कार्यालय के चक्कर लगाते लगाते 4 साल गुजर गए इसके बावजूद पेंशन प्रारंभ नहीं हो सका जबकि बुजुर्ग महिला ने समस्त आवश्यक दस्तावेज जमा कर दिए थे आवेदिका के द्वारा कार्मिक प्रबंधक चरचा कालरी के समक्ष लिखित आवेदन भी प्रस्तुत किया गया किंतु कार्मिक अधिकारी ने ना तो कोई जवाब दिया और न हीं कोई जानकारी दी पीड़ित महिला ने क्षेत्र के महाप्रबंधक से अपील की है कि उसकी बेहद दयनिय स्थिति स्थिति को दृष्टिगत करते हुए पेंशन प्रदान करें जिससे वह किसी तरह अपनी आजीविका चला सके।

## सर्द हवा से ठिठुरा समूचा छत्तीसगढ़

**बलरामपुर।** प्रदेश के उत्तर दिशा की ओर से आ रही ठंडी हवा और शुष्क हवा के वजह से इन दिनों ठंड पड़ रही है. जिसके असर से राजधानी रायपुर सहित कई जिलों में ठंड से बचने के लिए लोगों को अब अलाव का सहारा लेना पड़ रहा है। प्रदेश के सबसे अधिक ठंड पड़ने वाले जिले की बात करें तो सरगुजा संभाग इस मामले में आगे है. ऐसे में मौसम विभाग ने प्रदेश के दुर्ग सहित लगभग 12 जिलों में आगामी तीन दिनों तक कोल्ड वेव का यलो अलर्ट जारी कर दिया है। ऐसे में प्रदेश के सबसे अधिक ठंड पड़ने वाले जिले की बात करें तो सरगुजा संभाग इस मामले में आगे है. ऐसे में मौसम विभाग ने प्रदेश के दुर्ग सहित लगभग 12 जिलों में आगामी तीन दिनों तक कोल्ड वेव का यलो अलर्ट जारी कर दिया है। जानकारी के मुताबिक इस दौरान बस्तर संभाग के कई हिस्सों में हल्की बारिश होने के आसार हैं। वहीं दूसरी ओर बलरामपुर में भी न्यूनतम तापमान 2.9 डिग्री सेल्सियस तक निचे गिरा गया है।

## डॉ. वैभव को श्रेष्ठ वैज्ञानिक पेपर प्रेजेंटेशन अवार्ड

**कोरिया बैकुंठपुर।** हाल ही में देहरादून, उत्तराखंड में आयोजित 10वीं विश्व आयुर्वेद कांग्रेस में डॉ. वैभव को श्रेष्ठ वैज्ञानिक पेपर प्रेजेंटेशन अवार्ड से नवाजा गया। यह सम्मेलन आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के सक्रिय सहयोग से आयोजित किया गया था और यह विश्व का सबसे बड़ा आयुर्वेद सम्मेलन एवं प्रदर्शनी था। इस कार्यक्रम में 50 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसमें 1,50,000 से अधिक आगंतुक और 5000 से अधिक प्रतिनिधि शामिल थे। डॉ. वैभव के शोध कार्य को इस विशाल मंच पर मान्यता मिलना उनके अद्वितीय योगदान को उजागर करता है। यह पुरस्कार डॉ. वैभव की कड़ी मेहनत और आयुर्वेद के क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण अनुसंधान के प्रति समर्पण का प्रतीक है। इस उपलब्धि पर उन्हें और उनके सहयोगियों को हार्दिक शुभकामनाएँ।

# सार्वजनिक स्थल पर बंद हुआ मांस विक्रय

### प्रशासन ने कार्यवाही हेतु तैनात किए कर्मचारी



**चरचा कालरी।** नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र के साप्ताहिक बाजार में खुले रूप से मछली मांस विक्रय की खबर को अंकिका वाणी ने जनहित में प्रमुखता से प्रकाशित किया था रविवार के दिन समाचार प्रकाशन के चंद् घंटे में ही पालिका प्रशासन हरकत में आया और पालिका के कर्मचारियों की ड्यूटी बाजार में लगा दी गई उन्हें स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया कि बाजार में किसी भी प्रकार का मांस विक्रय ना किया जाए कर्मचारी भी पूरी मुस्तादी के साथ शाम तक अपनी ड्यूटी पर लग रहे इस वजह से कोई भी मटन मछली विक्रेता वहां अपनी दुकान नहीं लग सका, कुछ लोग आए भी तो उन्हें समझाइए दी गई की आप यहां नहीं लगा सकते जिस पर वह व्यापारी बैकुंठपुर चले गए नगर पालिका का यह प्रयास सराहनी है किंतु कुछ दिनों के पश्चात पालिका के जिम्मेदार अधिकारी आंखें बंद कर लेते हैं जो की बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है देखना यह है कि कब तक इस प्रकार की सक्रियता चलती है।

## गांजा व 48 हजार नगदी के साथ तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर।** ग्रीन लाईट ढाबा के पास गांजा तस्कर गिरफ्तार हुआ है। एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स को सूचना प्राप्त हुई कि थाना तेलीबांधा क्षेत्रांतर्गत ग्रीन लाईट ढाबा के पास 01 व्यक्ति दोपहिया वाहन गांजा रखा है तथा बिक्री कर रहा है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना तेलीबांधा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये वाहन एवं हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम संजू उर्फ संजय मराठा निवासी तेलीबांधा रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में गांजा रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी संजू उर्फसंजय मराठा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4.200 किलोग्राम गांजा, नगदी बिक्री रकम 48,000 रूपये तथा प्रकरण से संबंधित दोपहिया वाहन क्रमांक सी जी/04/क्यू ए/8783 जुमला कीमती लगभग 1,70,000/- रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना तेलीबांधा में अपराध क्रमांक 817/24 धारा 20बी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

## महिला स्व सहायता समूह का अधिकारी बताकर 41 हजार रूपये की धोखाधड़ी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

**सूरजपुर।** ग्राम नवगई चांदनी निवासी चन्द्रकला जायसवाल ने थाना चांदनी में रिपोर्ट दर्ज कराया कि यह महामाया महिला स्व सहायता समूह में कार्य करती है, 13.05.2024 को एक मोबाईल नंबर से इसे फोन आया और वह अपने को शिवराम यादव महिला स्व सहायता समूह का अधिकारी बोल रहा हूँ कहते हुए बोला कि तुम लोग समूह की एक्टिव महिला हो तुम लोगों को आगे बढ़ना है, पैसा डालो और पैसा कमाओ कहकर झांसे में लेकर फोन पे के माध्यम से तीन किस्तों में 41 हजार रूपये पैसा लेकर धोखाधड़ी करते हुए ऑनलाईन ठगी कर लिया है। प्रार्थियां की रिपोर्ट अपराध क्रमांक 47/24 धारा 420 भादवि व 66 डी आईटी एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने पुराने लंबित मामलों की समीक्षा कर त्वरित निराकरण करने की दिशा में आरोपियों की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष महतो व एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी के मार्गदर्शन में थाना चांदनी की पुलिस आधुनिक तकनीक की मदद से आरोपियों को गुना मध्यप्रदेश में होने की पुष्टि के बाद विधिवत् रवाना होकर गुना जिला मध्यप्रदेश में दबिश देकर आरोपी शिवराम सिंह यादव पिता हटे सिंह यादव उम्र 45 वर्ष ग्राम अमरपुरा, थाना आरेन, जिला गुना मध्यप्रदेश एवं धनपाल पिता लीलम सिंह उम्र 19 वर्ष ग्राम झाझौन, थाना आरोन जिला गुना को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपियों ने धोखाधड़ी को अंजाम देना स्वीकार किया जिन्हें गिरफ्तार किया गया है। इस घटना को अंजाम देने में एक अन्य आरोपी भी शामील है जिसके विरूद्ध थाना अरोन में 6 प्रकरण चोरी, अनाचार, धोखाधड़ी, जबरन वसूली, गंभीर आघात पहुंचाने की धमकी देकर जबरन वसूली करने का अपराध दर्ज है जो वर्तमान में जिला जेल गुना में निरूद्ध है, जिसकी विधिवत् अनुमति प्राप्त कर गिरफ्तारी किया जाना है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी चांदनी रूपेश कुंतल, एएसआई सुप्रियन टोप्पो, प्रधान आरक्षक पवन सिंह, इशित बेहरा, आरक्षक कुलदीप तिग्गा व आलोक सिंह सक्रिय रहे।

## आरक्षण की कार्यवाही 19 को

**गरियाबंद।** जिले के नगर पालिका एवं नगर पंचायत के वार्डों के आरक्षण की कार्यवाही 19 दिसम्बर 2024 को दोपहर 12 बजे आक्सन हॉल गरियाबंद में सम्पन्न किया जायेगा।इसके तहत नगर पालिका एवं नगर पंचायत निर्वाचन वर्ष 2024-25 हेतु वार्डों का आरक्षण प्रक्रिया पूर्ण किया जायेगा। इसके अंतर्गत नगर पालिका गरियाबंद,नगर पंचायत छुरा,फिंगेश्वर,राजिम एवं कोपरा में 15-15 वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया सम्पन्न किया जायेगा।उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया में यदि कोई नागरिक उपस्थित रहना चाहते है तो निर्धारित तिथि,समय एवं स्थल पर उपस्थित रह सकते है।विहित प्राधिकारी कलेक्टर दीपक अग्रवाल द्वारा उपस्थित नागरिकों के समक्ष आरक्षण की प्रक्रिया सम्पन्न की जायेगी।

## अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पहले मामले में विकाश विहार कालोनी यशवंत श्रीवास 26 वर्ष ने डीडीनगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 10 एजी 6269 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 55 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में दीपका थाना क्षेत्र निवासी मनोज गुप्ता 46 वर्ष ने गोलबाजार थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 12 एयू 1514 को रविभवन के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया।

# कन्हर नदी में 9 करोड़ की लागत से जल संसाधन विभाग ने कराया एनीकट का निर्माण

**रामानुजगंज।** रामानुजगंज कन्हर नदी में करीब 9 करोड रुपए लागत से जल संसाधन विभाग के द्वारा एनीकट का निर्माण कराया गया था।जो भले ही भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गया परंतु एनीकट के कारण आज झारखंड का ग्राम गोदरमाना बाजार बड़ा स्वरूप ले लिया है। एनीकट से रविवार के दिन हजारों हजार की संख्या में लोग छत्तीसगढ़ से गोदरमाना बाजार करने जाते हैं।

एनीकट के बनने से भले ही जिस उपयोग के लिए एनीकट बना। निर्माण के बाद आज तक एनीकट का वह उपयोग नहीं हो पाया एनीकट का निर्माण नगर में अप्रैल में हीने वाले भीषण जल संकट से नगरवासियों निजात दिलाने के लिए बना था परंतु बनने के बाद कभी भी उपयोगी साबित नहीं हुआ है। परंतु एनीकट के कारण छत्तीसगढ़ एवं झारखंड के बीच व्यापारिक संबंध काफी मजबूत हुआ रविवार के दिन रामानुजगंज एवं झारखंड के ग्राम गोदरमाना में साप्ताहिक बाजार लगता है। परंतु एनीकट बनने के बाद गोदरमाना का साप्ताहिक बाजार में हजारों हजार की संख्या में लोग गोदरमाना एनीकट के रास्ते बाजार करने जाते हैं। झारखंड के ग्राम गोदारमना के बाजार का स्वरूप इतना वृहद हो गया है कि छत्तीसगढ़ के दर्जनों गांव के लोग बाजार करने के लिए यहां आना पसंद करते हैं रविवार के दिन आमंत्रण धर्मशाला के सामने सैकड़ो की संख्या में बाइक लगाकर लोग झारखंड के ग्राम कोदरमाना बाजार करने जाते हैं। एनीकट के छत्तीसगढ़ की ओर गिनती के दुकान लगाते हैं वही झारखंड की ओर सैकड़ो दुकान लगती है यहां छत्तीसगढ़ से भी काफी संख्या में लोग बाजार करने जाते हैं दिन प्रतिदिन यहां का बाजार वृहद होते जा रहा है। एनीकट के कारण गोदरमाना बाजार का स्वरूप इतना वृहद हो गया है कि एक और यहां बाजार लगाने के लिए काफी कम जगह है वही बड़ी संख्या में लोग यहां दुकान लगाने पहुंचते हैं ऐसे में पैदल चलना भी यहां मुश्किल होता है दुकानदार बताते हैं कि काफी अच्छी दुकानदारी होती है।

## छग में पत्रकार प्रेस परिषद का गठन, रविश अग्रवाल बने अध्यक्ष

**रामनुजगंज।** रामनुजगंज देश की पत्रकारिता के क्षेत्र में पत्रकारों के हितों के सदैव कार्य करने वाली संगठन भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड संस्था 'पत्रकार प्रेस परिषद' के छत्तीसगढ़ ईकाई का भी गठन हुआ है। प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर जहां रामानुजगंज के वार्ड क्रमांक 11 निवासी रविश अग्रवाल को दायित्व सौंपा गया है । वहीं प्रदेश महासचिव के पद पर बलौदाबाजार जिले के कटगी गांव के रहने वाले प्रमोद मिश्रा को जिम्मेदारी मिली है। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋभ मिश्रा ने दोनों की नियुक्ति संबंधी आदेश जारी किया है। दोनों पत्रकारों को नई जिम्मेदारी मिलने पर बलरामपुर रामानुजगंज जिले के पत्रकारों एवं प्रदेश भर के पत्रकारों ने खुशी जताते हुए राष्ट्रीय संगठन के पदाधिकारियों को धन्यवाद देते कहा है कि आने वाले दिनों में प्रदेश में पत्रकारों की हितों के लिए दोनों पदाधिकारी सदैव तत्पर रहेंगे, इसका हमें पूरा भरोसा है । पत्रकार प्रेस परिषद पत्रकारों की हितों में कार्य करने वाली राष्ट्रीय संस्था है, जो देश भर में पत्रकारों को हितों के लिए कार्य कर रही है । देश भर के पत्रकार इस संस्था से जुड़े हुए हैं । प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी रविश अग्रवाल को : रविश अग्रवाल को पत्रकारिता के अनुभव 18वर्षों का लंबा अनुभव है।

उनकी शिक्षा कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय से हुई है जहां से अध्ययन करते हुए सन् 2011 में पत्रकारिता में स्नातकोत्तर डिप्लोमा की डिग्री हासिल की साथ ही विश्वविद्यालय में टॉप रहते हुए गोल्डमेडलिस्ट भी बने। प्रमोद मिश्रा को भी पत्रकारिता का लंबा अनुभव : प्रदेश महासचिव दायित्व मिलने वाले प्रमोद मिश्रा ने रायपुर के कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता विश्वविद्यालय, रायपुर से एम एस सी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की है । वर्ष 2014 से पत्रकारिता की शुरुआत करने वाले प्रमोद मिश्रा को ग्रामीण अंचल से लेकर राजधानी रायपुर में पत्रकारिता की है । क्या कहना है पदाधिकारियों का : प्रदेश अध्यक्ष रविश अग्रवाल ने कहा कि आने वाले दिनों में संगठन को मजबूत करने के साथ प्रदेश के पत्रकारों के हितों के लिए हमेशा कार्य करेंगे साथ ही समाज के हित के लिए कार्य करेंगे । महासचिव प्रमोद मिश्रा ने कहा कि प्रदेश के पत्रकारों को मजबूत करने के साथ उनके हितों के लिए हमेशा कार्य करेंगे ।

## हादसों को रोकने पुलिस ने लगाया गया स्टॉपर एवं आदेशात्मक गतिसीमा बोर्ड

**रायपुर।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने पुलिस अधीक्षक धमतरी आंजनेय वार्ष्णेय के निर्देशानुसार उप पुलिस अधीक्षक यातायात मणीशंकर चन्द्रा के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा ग्राम दुगली, धमतरी-नगरी राजकीय राजमार्ग 23, जहाँ से अनेक छोटी बड़ी वाहनें प्रतिदिन तेज रफ्तार से गुजरती है, जिससे सड़क दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, दुर्घटना की रोकथाम एवं स्कूली छात्र-छात्राओं के सुरक्षा के दृष्टिगत शास0 उच्च0 मा0 वि0 एवं गट्टासिल्ली मोंड़ दुगली के पास वाहनों के गति नियंत्रण हेतु स्टापर का जिग-जैग बनाकर लगाया गया। इसी क्रम में कल दिनांक 14.12.24 को सेहरा डबरी के पास घटित सड़क दुर्घटना जिसमें भखारा थाना में पदस्थ पुलिस आरक्षक केशव मुरारी सोरी जी को तेजगति से चल रहे अज्ञात टैंकर वाहन के द्वारा ठोकर मारकर एक्सीडेंट करने से मौके पर ही मौत हो गया उक्त घटना स्थल का निरीक्षण कर सड़क सुरक्षा उपाय के तहत सड़क दुर्घटना की पुनरावृत्ति रोकने एवं तेजगति से चलने वाले वाहनों में अंकुश लगाने हेतु घटना स्थल सेहराडबरी के पास स्टापर का जिग-जैग बनाकर आदेशात्मक गतिसीमा बोर्ड लगाया गया।

## चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों ने जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जाना

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सुशासन का एक वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में जनसंपर्क विभाग द्वारा शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम लोगों को देने के लिए चित्र प्रदर्शनी लगाई है। चित्र प्रदर्शनियों के माध्यम से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना सहित अन्य हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी लोगों को दी गई। प्रदर्शनी के माध्यम से विद्यार्थियों को भी महत्वपूर्ण जानकारी मिली।

जशपुर जिले में रणजीता स्टेडियम चौक के पास 13 से 14 दिसंबर 24 तक दो दिवसीय फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी लोगों को दी गई है। प्रदर्शनी का अवलोकन करने वाले फसावहार विकास खंड के नवीन कुमार, बसंत कांसाबेल विकास खंड के पाकरटोली निवासी श्री रूपेश साय ने बताया कि वे अभी कालेज में पढ़ाई कर रहे हैं। साथ ही प्रतियोगिता परीक्षा की भी तैयारी कर रहे हैं। प्रदर्शनी का अवलोकन करके अच्छा लगा और बहुत सारी ज्ञानवर्धक जानकारी भी मिला है। तैयारी करने के लिए योजना से संबन्धित पुस्तिका भी मिला जिसके उनको अब तैयारी करने में आसानी होगी। पत्थलगांव विकास खंड के जय प्रकाश पैंकरा ने फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया और खुशी जाहिर करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ शासन के अंतर्गत अनेक अच्छी योजना संचालित की जा रही है। इसकी जानकारी विस्तार से उनको यहां आकर मिला है। प्रदर्शनी का अवलोकन जशपुर गिरगा के नंनकू राम , कुलविंदर, बाबूलाल, कुनकुरी के जावेद, भागलपुर जशपुर के अलका कुजूर ने भी अवलोकन किया। प्रदर्शनी स्थल मे एलईडी स्क्रिन के माध्यम से भी उपलब्धियों की जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा पुस्तक, ब्रोसर, बुकलेट का भी वितरण किया जा रहा है। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान योजना से लाभान्वित हुए जनजाति परिवारों भी दर्शाया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना किस तरह से लोगों के पक्के आशियाने को पूरा कर रही है इसे भी प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही सीएम विष्णुदेव साय का प्रयास से 220 बिस्तर का अस्पताल, 400 केवी विद्युत सब स्टेशन, पर्यटन के क्षेत्र में जशपुर ले रहा नया रूप, एडवेंचर, इको-टूरिज्म टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हुई है मायली नेचर कैंप का किया जा रहा है विकास को भी प्रदर्शित किया गया है। मुख्यमंत्री ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाए महत्वपूर्ण कद महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना से समृद्ध होते किसान, छात्र-शिक्षक एवं पालक समुदाय के बीच अपनेपन की भावना को विकसित करने का जरिया बना न्योता भोजन, पीएम जनमन योजना, योजना से लखपति दीदी की राह पकड़ती महिलाएं स्व सहायता समूहों से सशक्त होती महिलाएं, मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया बनी लोगों का आशा का केंद्र, बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने सरकार के किए जा रहे कार्यों, कैंप कार्यालय से मरीजों को तत्काल मिल रहा है सहायता अब तक 1023 मरीज को मिला स्वास्थ्य लाभ, प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी से किसानों में व्यापक उत्साह, विष्णु के सुशासन में तेजी से बदल रही गांव की तस्वीर, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड सहित सभी योजनाओं का दिया जा रहा लोगों को लाभ मधेश्वर पहाड़ को मिला शिवलिंग की विश्व की सबसे बड़ी प्राकृतिक प्रतिकृति होने का गौरव', लार्जेस्ट नेचुरल शिवलिंग' के रूप में गोल्डन बुक ऑफवर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ नाम सहित अन्य योजनाओं और कार्यक्रमों से संबंधित उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया है।

## गांजा तस्करी करते युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने जूपिटर मोपेड से गांजा तस्करी करते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 4 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सर्विस रोड ग्रीनलाइट ढाबा के पास दबिश देकर जूपिटर मोपेड में सवार आरोपी संजय राव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 4 किलो 200 ग्राम गांजा जब्त किया है। जब्त गांजा की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## अमलीडीह जमीन मामला विपक्ष उठाएगा शीतकालीन सत्र में

**रायपुर।** अमलीडीह (रायपुर) में महाविद्यालय के लिए आबंटित जमीन को रामा बिल्कॉन बिलासपुर, को शासन द्वारा दिये जाने वाले मामले पर राजनीति गर्म है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा उक्त विवादास्पद जमीन की जांच की जिम्मेदारी आयुक्त रायपुर को दी गई थी, जिसमें आयुक्त महादेव कांवरे ने निर्धारित समय सीमा के भीतर ही शासन को जांच की रिपोर्ट प्रस्तुत कर चुके हैं। कल से शुरू हो रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में यह मामला सदन में सुर्खियां बटोरेगी। अब शासन को तय करना है कि अमलीडीह में कॉलेज के लिए आबंटित जमीन पर कॉलेज बनाना है या बिल्डर को देना है। किन्तु जमीन के विषय में जनसाधारण का कहना/मानना है कि कॉलेज बनना चाहिए।

## धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**रायपुर।** शासकीय उचित मूल्य दुकान धरसींवा में 82 लाख से अधिक की राशि का गबन करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी देवेश देवदास 34 वर्ष नयापारा वार्ड 1 दुर्ग का रहने वाला है। प्रार्थी ने धरसींवा थाना में शिकायत किया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान के खाद्य सामग्री में हेराफेरी कर आरोपी इंद्राज खान और अमन निर्मलकर ने 82 लाख 8651 रुपए का गबन किया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# ओवरब्रिज पर निर्णय नहीं बदला नाराज यूनियनों का प्रदर्शन

**कोरबा।** एसईसीएल के गेवरा क्षेत्रांतर्गत एमडी कॉलोनी आवासीय परिसर के समीप निर्माणाधीन रेलवे लाइन ओव्हरब्रिज के निर्माण के खिलाफ संयुक्त केन्द्रीय श्रमिक संगठनों की नाराजगी बढ़ गई है। अपने पूर्व निर्णय के तहत यूनियनों ने आज से धरना के साथ क्रमिक आंदोलन की शुरुआत की। इससे पहले उन्होंने गेवरा महाप्रबंधक से कहा था कि काम को रोकें। प्रबंधन ने इसे बहुत हल्के से लिया।

ओवरब्रिज की जगह बदले जाने की मांग को लेकर संयुक्त ट्रेड यूनियन एचएमएस, एटक, इंटक, बीएमएस, सीटू पहले से विरोध दर्ज करता रहा है। उसने कहा था कि व्यापक जनहित से यह विषय जुड़ा हुआ है इसलिए इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। प्रबंधन को इसके लिए समय दिया गया। सबकुछ होने पर भी न तो नीति बदली गई और न ही फैसला। इसलिए यूनियनों ने इस मामले में अपनी एकता दिखाते हुए आंदोलन शुरू कर दिया। यूनियन चाहती है कि यहां पर प्रस्तावित दो ओव्हरब्रिज का स्थान बदलकर समुचित समाधान निकाला जाए, जिससे आवासीय क्षेत्र की समस्याओं का हल हो सके।

फाइल फोटो

### काफी खर्च होने पर भी बनी रहेंगी समस्याएं

इस मामले में विरोध करने वाले केंद्रीय संयुक्त संगठनों का दावा है कि अगर एसईसीएल प्रबंधन किसी को उपकृत करने के लिए अगर अपने फंड का गलत तरीके से इस्तेमाल करता है तो यह अलग विषय है लेकिन इतना सबकुछ करने पर भी समस्याएं बनी रहेंगीं। उनका कहना है कि ओव्हरब्रिज से आवासीय क्षेत्र में धूल प्रदूषण और दुर्घटनाओं की संभावना हमेशा बनी रहेगी। छात्र-छात्राओं समेत आम नागरिकों को भी परेशानी झेलनी पड़ेगी। प्रबंधन को याद दिलाया गया कि पूर्व में दीपका कॉलोनी से प्रगतिनगर को सुविधा देने के लिए गलत योजना, प्रस्ताव और डिजाइन से 3 करोड़ खर्च कर फुट ओव्हरब्रिज तैयार किया गया, जो सफेद हाथी साबित हुआ। इसलिए अब इसे तोड़ना पड़ा है।

### क्या होगी रिकव्हरी?

क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने सवाल उठाने के साथ कहा है कि क्या पुराने गैर जरूरी फुट ओवरब्रिज को स्वीकृत करने और सरकारी पैसा को बर्बाद करने वाले अधिकारियों से इसकी रिकव्हरी की भी जाएगी? कहा गया है कि जब ऐसे काम का औचित्य ही नहीं था तो आखिर किसलिए यह काम कराया गया और बड़ी राशि का भुगतान ठेकेदार को किया गया। बताया जा रहा है कि अब यह मामला प्रधानमंत्री कार्यालय के साथ-साथ कोल मंत्रालय व कोल इंडिया तर्क पहुंचाने की तैयारी की जा रही है।

### कल निकलेगी शोभायात्रा

**कोरबा।** सतनाम कल्याण समिति के द्वारा गुरु घासीदास जयंती समारोह के अवसर पर कल सीतामणी से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस शोभायात्रा में कई नृत्य दल साथ-साथ चलेंगे। शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। जिलाध्यक्ष यू.आर. महिलांगे व जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नारायण कुर्रे ने शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए लोगों को अलग-अलग जिम्मेदारी दी है। इसके अलावा जिला सचिव डॉ. जय लहरे, सरजू अजय, आनंद सोनवानी, प्रतिमा सोनवानी, रमा मिरी सहित अन्य कार्यकर्ता जोरदार तैयारी कर रहे है। 18 दिसंबर को बेंदरकोना से भी एक मोटर साइकिल रैली सतनाम समिति के द्वारा निकाली जाएगी। एक बैठक बेंदरकोना में गणेश बघेल, पन्ना भारद्वाज, लखन लहरे, दिलीप बंजारे, विद्याचरण बंजारे के द्वारा ली गई। यह मोटर साइकिल रैली बेंदरकोना से शुरू होकर करमंदी, चीतापाली, गोढ़ी होते हुए रिस्दी पहुंचेगी। यहां पर रैली का भव्य स्वगत किया जाएगा। इसी तरह 18 दिसंबर को ही गुरु घासीदास जयंती समारोह के अवसर पर पताढ़ीधाम में भी दो अलग-अलग स्थानों से होते हुए यात्रा पहुंचेगी।

# बड़मार में हाथियों ने बगीचा उजाड़ा, तोड़ा बोर व पाइप

**कोरबा।** वनमंडल कोरबा के कुदमुरा व करतला रेंज में हाथियों का आतंक कायम है। जहां करतला रेंज में 50 की संख्या में हाथी विचरण कर रहे हैं वहीं 30 हाथी कुदमुरा रेंज में भी पहुंच गए हैं। करतला रेंज में मौजूद हाथियों का दल रेंज के बड़मार गांव में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान एक वकील के यहां स्थित बगीचे में घुसकर आम, नारियल के पौधों को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया। वहीं सिंचाई के लिए स्थापित बोर सिस्टम को उखाड़कर फेंक दिया।

बगीचे के गेट को तोड़ने के साथ ही घर के छप्पर को भी उजाड़ दिया है। हाथियों के उत्पात से वकील को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। वन अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी का आंकलन करने में जुट गया है। जानकारी के अनुसार हाथियों के दल के बगीचे में घुसने तथा उत्पात मचाए जाने की जानकारी आज सुबह तब हुई जब चौकीदार बगीचा पहुंचा तो वहां लगे आम व नारियल के पौधे उखड़कर जमीन पर गिरे हुए मिले तथा सिंचाई के लिए लगे बोर सिस्टम तथा गेट को टूटा हुआ पाया। बगीचे में हाथियों के पैरों के बड़ी संख्या में निशान थे। चौकीदार को समझने में देर नहीं लगी कि यह कारस्तानी क्षेत्र में मौजूद हाथियों की है। उन्होंने इसकी सूचना बगीचे के मालिक को दी जिस पर उन्होंने वन विभाग को सूचित किया। जहां करतला रेंज में मौजूद हाथियों ने बड़मार में भारी उत्पात मचाया वहीं कुदमुरा रेंज में सक्रिय हाथी भी इससे पीछे नहीं रहे। यहां पर 30 हाथियों के दल ने जिल्ला-बरपाली गांव में उत्पात मचाते हुए एक ग्रामीण के घर को तोड़ दिया। वहीं एक अन्य के कोठार में पहुंचकर वहां रखे धान की खरही को नुकसान पहुंचाया। इतना ही नहीं खेतों में पहुंचकर 6-7 किसानों की रबी फसल को भी मटियामेट कर दिया है। ग्रामीणों द्वारा सूचना दिए जाने पर वन अमला आज सुबह मौके पर पहुंचा और नुकसानी का आंकलन करने के साथ रिपोर्ट तैयार की। हाथियों द्वारा कुदमुरा व करतला रेंज में उत्पात मचाए जाने से ग्रामीण बेहद हलाकान हैं। उन्हें जानमाल को सुरक्षा की चिंता भी अब सताने लगी हैं।

# थोड़ी-थोड़ी पिया करो...नशा चढ़ने पर ट्रांसपोर्टर की पार्टी में जमकर मारपीट

**कोरबा।** पियो लेकिन रखो हिसाब की, थोड़ी-थोड़ी पिया करो। गायक पंकज उदास की चर्चित रचना पिछली रात औद्योगिक नगर कोरबा की एक होटल में सच साबित हुई। खबर के अनुसार यहां एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के द्वारा वर्ष 2024 की विदाई के उपलक्ष में पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें विदेशी शराब की भरपूर वैरायटी शामिल की गई। इसी के नशे में दो पक्षों में विवाद के बाद मारपीट करा दी। जिससे कुछ लोगों के नाक-नक्शे बिगड़ गए। इस मामले का वीडियो अब खूब वायरल हो रहा है।

कोरबा शहर के ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र के अंतर्गत एक होटल में इस घटनाक्रम को लेकर अब लोग खूब चटखारे ले रहे हैं। जानकारी मिली कि न्यू ईयर 2025 को लेकर भले ही एक पखवाड़ा बचा है लेकिन इससे पहले ही कई जगह शुरू हो गए जबकि उस दिन के लिए एडवांस बुकिंग जारी है। इसी कड़ी में रात्रि को कोरबा के एक होटल में बड़ी पार्टी का आयोजन लॉजिस्टिक कंपनी के द्वारा रखा गया। नीतिगत रूप से इसमें वही लोग आमंत्रित थे जो इस क्षेत्र में काम करते हैं और जिनके उससे वास्ता है। आयोजन के द्वारा पार्टी के अंतर्गत सामान्य भोजन के अलावा मांस और शराब की जमकर व्यवस्था की गई। दावा किया जा रहा है कि भागीदारी करने वालों ने मुफ्त ए माल, दिले बेरहम- वाले अंदाज में जमकर खाया और पिया भी। नतीजा यह हुआ कि विदेशी शराब ने लोगों की चेतना को बुरी तरीके से प्रभावित किया। इसी दरमियान किसी बात को लेकर उनके बीच कहां सुनी हुई और फिर या सिलसिला मारपीट तक जा पहुंचा। कई प्रकार की चीजों का इसमें इस्तेमाल किया गया। असंसदीय शब्दों का प्रयोग करने के मामले में लोग आगे रहे। बताया गया कि व्यवसाय पर असर पढ़ने को लेकर संचालक ने संबंधित लोगों को समझाने की काफी कोशिश की। किसी तरह यह मामला ठंडा हुआ लेकिन इससे पहले पार्टी में शामिल किसी व्यक्ति ने इसका वीडियो तैयार कर लिया। अब यह सोशल साइट पर जमकर वायरल हो रहा है और लोग इस बारे में अलग-अलग तरीके से चर्चा करने में लगे हैं।

# जमीन ने उलझाया दादरखुर्द में दो पक्षों को

-स्थानीय संवाददाता-

**कोरबा।** मानिकपूर पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत दादरखुर्द में जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने हो गए। पुलिस ने अपनी ओर से हस्तक्षेप किया है। कहा गया है कि किसी की भी ओर से लिखित शिकायत करने पर अपराध दर्ज किया जाएगा। वहीं बार-बार हो रही इस प्रकार की घटना को लेकर दोनों पक्षों के खिलाफ शांति भंग की कार्रवाई होगी।

सोमवार को सुबह दादर खुर्द क्षेत्र में इस घटना ने आसपास के लोगों को डराया। मामले की जानकारी होने पर पुलिस ने प्राथमिक रूप से संज्ञान लिया। बताया गया कि यहां पर बिसाहू यादव की जमीन स्थित है। उसके पास जमीन से संबंधित दस्तावेज उपलब्ध हैं। वहीं इसी जमीन को लेकर सुरेश तिवारी की ओर से अनावश्यक दावा किया जा रहा है। काफी समय से इसे लेकर मुश्किलें सामने आ रही थी। सोमवार को भी ऐसा ही हुआ। बात आगे बढ़ी। चौकी प्रभारी ने बताया कि इस प्रकरण को लेकर पुलिस कोर्ट में धारा 146 के अंतर्गत इश्तगासा पेश करेगी। याद रहे इससे पहले भी दादर खुर्द और खरमोर क्षेत्र में जमीन को लेकर विवाद की स्थिति बनी है और मारपीट की घटनाएं भी हुई है। इनमें से कई घटनाओं के पीछे जमीन दलालों की भूमिका महत्वपूर्ण मानी गई है जिन्होंने राजस्व हमले के सहयोग से कई जमीनों को उनकी मूल जगह से कहीं और कर दिया।

### पांच नए ब्लॉक अध्यक्ष बनाए गए

**कोरबा।** युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा ने कटघोरा विधानसभा के अध्यक्ष रहमान खान के अनुशंसा व जिला ग्रामीण अध्यक्ष विकास सिंह की सहमति से पांच नए ब्लॉक अध्यक्ष की नियुक्ति की है। हरदीबाजार में विक्रम राठौर, दीपका में सद्दाम हुसैन, बांकी में उड़ाल आजाद, कटघोरा ग्रामीण राजेंद्र यादव व कटघोरा में राजेश यादव को ब्लॉक अध्यक्ष बनाया गया है। काफी लंबे समय से ब्लॉक अध्यक्षों के पदों पर नियुक्ति नहीं की गई थी। विधानसभा के अध्यक्ष रहमान खान के द्वारा काफी प्रयास किया जा रहा था। संगठन को मजबूत करने की दृष्टिकोण से यह नियुक्ति की गई है। नए व्यक्तियों के नियुक्ति होने से कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है। हरदीबाजार क्षेत्र में विक्रम राठौर ने बनते ही सबसे पहले प्रदेश सरकार के वादाखिलाफी के विरोध में प्रदर्शन किया। आने वाले दिनों में अन्य ब्लॉकों में भी गतिविधियां तेज होगी।

***कोरबा।** शहरी क्षेत्र के एसएलआरएम सेंटर्स महिलाओं के लिए आर्थिक रूप से मजबूत होने का साधन बनते जा रहे हैं।

### आकर्षण का केंद्र बना साल वृक्ष

**कोरबा।** प्रकृति की गोद में बसे कोरबा जिले में भारत के सबसे पुराने जीवित वृक्षों में से एक साल का विशालकाय पेड़ मौजूद है। इस महावृक्ष को देखते ही लोगों की आंखें खुली की खुली रह जाती हैं। इस वृक्ष को देवतुल्य मानकर इस महावृक्ष की पूजा करके ही स्थानीय ग्रामीण किसी भी शुभ कार्य की शुरुआत करते हैं।

लगभग 1400 साल पुराने इस महावृक्ष को देखने हर साल दूर-दूर से हजारों पर्यटक यहां आते हैं। लोक आस्था और महावृक्ष के संरक्षण के लिए वन विभाग की टीम यहां हमेशा इसकी सुरक्षा में तैनात रहती है। जानकारी के अनुसार इस महावृक्ष की परिधि 22 फीट एवं 7.01 फिट का व्यास हैं। लगभग 1400 साल पुराना साल का वृक्ष कोरबा से 45 किलोमीटर दूर ग्राम सतरेंगा में आसमान को छूते हुए खड़ा है। इस वृक्ष को स्थानीय ग्रामीण देवतुल्य मानकर इसकी पूजा करते हैं। कोई भी शुभ कार्य करने से पहले इस पेड़ का आशीर्वाद लेते हैं। गांववालों की कई पीढ़ियों ने इस पेड़ को देखा है, इसलिए वे इस पेड़ में अपने पूर्वजों की यादों को देखते हैं। साल छत्तीसगढ़ का राजकीय वृक्ष है, जानकारों का मानना है कि सतरेंगा स्थित साल के वृक्ष को भी देश में पहचान मिलनी चाहिए। क्योंकि यह सिर्फ एक वृक्ष नहीं हमारी धरोहर है हमारी पहचान है, इसके छांव में खड़े होकर इसे सहेजने और इसकी कहानी आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प ले।

### लायंस क्लब के शिविर से मिला लोगों को लाभ

**कोरबा।** अंतरराष्ट्रीय लायंस क्लब की कटघोरा-छुरी के द्वारा एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जिले में किया गया। यह शिविर लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए किया गया। एमएमआई रायपुर अस्पताल के चिकित्सकों ने यहां पर अपनी अनुबंधित सेवाएं उपलब्ध कराई। अलग-अलग क्षेत्र से संबंधित चिकित्सक इसमें शामिल हुए। कटघोरा और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने शिविर में अपनी मौजूदगी सुनिश्चित करते हुए स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त की। कई लोगों को उचित परामर्श दिया गया। उन्हें बताया गया कि विभिन्न बीमारियों से बचने के लिए सावधान रहने की जरूरत है।

### 18 को बंद रहेगी शराब दुकानें

**कोरबा।** जिला दंडाधिकारी ने एक आदेश जारी कर कहा है कि 18 दिसंबर को गुरु घासीदास की जयंती के उपलक्ष में जिले की सभी देशी-विदेशी शराब दुकानें और बार बंद रहेंगीं। सरकार ने इस दिवस अवकाश की घोषणा की है। इसके साथ ही शुष्क दिवस घोषित किया है।

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन

**कोरबा।** साहू समाज के जिलाध्यक्ष गिरजा साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि युवक-युवती परिचय सम्मेलन के लिए फार्म भरने का काम शुरू कर दिया गया है।

# बांकीमोंगरा नपा के प्रथम चुनाव के लिए पूर्व विधायक ने बैठक ली

**कोरबा।** कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर के द्वारा बांकीमोंगरा ब्लॉक की बैठक लेने के बाद कांग्रेसियों ने वार्डों में जाकर बैठक लेने का सिलसिला शुरू कर दिया है। नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए प्रत्येक वार्डों में 5-5 लोगों की समिति बनाई गई है। इस क्षेत्र में लगभग 30 नए वार्ड बनाए गए हैं। ब्लॉक अध्यक्ष टीकाराम मनहर, राजेश मानिकपुरी, राजेश मानिकपुरी, धर्मेन्द्र गजभिए, फिरोज अनंत, विनोद दास महंत सहित अन्य कार्यकर्ता बैठक ले रहे हैं। इसी तरह महिलाओं की ओर से श्रीमती रूपा मनहर, छतबाई, संतोषी चौहान, पूजा महंत के द्वारा बैठक ली जा रही है। इन सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा बैठक लेकर कार्यकर्ताओं को और अधिक सक्रिय करना है। नगरीय निकाय चुनाव में बनी समिति के द्वारा नाम उपर दिए जाएंगे।

# सार्वजनिक मंच का लोकार्पण किया विधायक पटेल ने

**कोरबा।** बांकी मोंगरा के कटाईनार चीफ हाउस शिव मंदिर के पास सार्वजानिक मंच का लोकार्पण कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल द्वारा किया गया। नगर पालिका परिषद सदस्य अश्वनी मिश्रा के पहल पर इस मंच का निर्माण कराया गया । मंच के निर्माण से क्षेत्र के श्रद्धालुओं को काफी सुविधा मिलेगी।

विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र की आवश्यकताओं को लेकर हमारा ध्यान आकर्षित कराया गया था। इसे गंभीरता से लेने के साथ स्वीकृत किया गया। निश्चित समयसीमा में सार्वजनिक मंच बनकर तैयार हुआ है और यह लोगों की सेवा में समर्पित है। आने वाले समय धार्मिक आयोजनों में मदद मिलेगी इससे लोगों के बीच काफी उत्साह है । इस लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैल राठौर, अश्विनी मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनीष मिश्रा, मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष देवकी साहू, विधायक प्रतिनिधि रितेश अग्रवाल, दुर्गेश महंत, विजय बंजारे, भोला नायक, शिवम् ठाकूर,जय महंत निखिल, सिंगौतीया, निखिल शाह, किशोर कुमार, योगेश केवट, संतोष नायक, सोमू महंत सहित काफी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# अपनी और दूसरों की सुरक्षा के लिए जरूरी है यातायात नियम

### आईटीआई के छात्रों को दी गई जानकारी

**कोरबा।** सड़क सुरक्षा के अंतर्गत कई प्रकार के बिंदुओं पर काम किया जा रहा हैं और हर किसी को इस बारे में जानकारी दी जा रही है। कोरबा जिले में ट्रैफिक पुलिस ऐसे कार्यों को लगातार बढ़ने में जुटी हुई है। इसी श्रृंखला में ट्रैफिक पुलिस ने पौड़ी उपरोर्डा स्थित सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मैं जागरूकता शिविर लगाया और विद्यार्थियों को कई अहम जानकारी दी।

कोरबा जिला में सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न प्रकार के कार्यों को क्रियान्वित करने की जिम्मेदारी ट्रैफिक पुलिस के कंधों पर है और वह इस दिशा में काम कर रही है। दुपहिया से लेकर चार पहिया और अन्य वाहनों के चालको को सावधानियां के बारे में अवगत कराया जा रहा है। इसके साथ ही शैक्षणिक और दूसरे संस्थानों में संक्षिप्त कार्यक्रम करते हुए, ट्रैफिक रूल्स की जानकारी दी जानी जा रही है। कोरबा जिले के अंतर्गत पौड़ी उपरोड़ा में संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के परिसर में ट्रैफिक पुलिस के द्वारा जागरुकता कैंपेन किया गया। यहां पर असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर मनोज राठौर और उनकी टीम ने उपस्थिति दर्ज कराई। मौके पर विद्यार्थियों को बताया गया कि ट्रैफिक रूल्स सभी लोगों के लिए जरूरी है जो सड़कों पर पैदल अथवा किसी प्रकार के वहां से आना-जाना करते हैं। उन्हें इस बात को ध्यान में रखने को कहा गया कि ट्रैफिक रूल्स को फॉलो करना अपने साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है । कोशिश यही होनी चाहिए कि इस मामले में लापरवाही का प्रदर्शन न होने पाए। क्योंकि ऐसा करने से बड़े नुकसान होते हैं और फिर इसके लिए हमें बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है। इस दौरान पावरप्वाइंट प्रेजेंटेशन की व्यवस्था भी की गई थी । और इसके जरिए यह बताने का प्रयास किया गया की दुर्घटनाएं क्यों होती हैं और इसके पीछे असली कारण क्या होते हैं। विद्यार्थियों को बताया गया कि आवागमन करने के दौरान अगर हर कोई सचेत रहें तो दुर्घटनाओं के ग्राम को काफी हद तक काम किया जा सकता है।। राठौर ने बताया कि अधिकारियों के निर्देश पर लगातार इस प्रकार के काम जिले में किया जा रहे हैं और कुल मिलाकर यही कोशिश हो रही है कि हम सड़क हादसों का उन्मूलन करने के साथ इसके ग्राफ को नीचे लाए।

जय श्रीराम
मकान/प्लाट उपलब्ध
गीतावेली, मुड़ापार, बुधवारी रोड, टीपी नगर, लालूराम कालोनी, निहारिका में प्लाट व मकान के लिए संपर्क करें।
प्रापर्टी डीलर
62681-46606

पेवर ब्लॉक
सीमेंट से निर्मित (राख मुक्त) उच्च क्वालिटी के पेवर ब्लॉक
जिग्जैक आई कॉस्मिक बर्फी एक्साकॉन
एवं अन्य प्रकार के डिजाइन में
उचित मुल्य पर उपलब्ध
चेकर टाईल्स
पेट्रोल पंप के लिए रबर मोल्ड जिग्जैक भी उपलब्ध है।
संपर्क करें - 94255-40449
ऐरन इंटरप्राईजेस
कोरबा (छ.ग.)

AXOR Vega
ISI हेलमेट उपलब्ध
वेगा कंपनी के हेलमेट के विभिन्न वेरायटी उपलब्ध है।
वासु टायर्स
गायत्री मंदिर के पास, टी.पी.नगर, कोरबा (छ.ग.)
7828364476

शादी कार्ड एवं थैला प्रिंट
अभिषेक ऑफसेट प्रिंटर्स
होटल आकाश के बगल में टी.पी. नगर, कोरबा 9425223290, 9691071600

स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com